सोना 98,025 | चांदी 99,500

तिथि- वैशाख, कृष्ण, अष्टमी

शेयर मार्केट 78,117 | निफ्टी 23,071

अधिकतम 39 डिग्री | न्यूनतम 26 डिग्री

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | :: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र ::

www.charchitrajnit.com | वर्ष-21 अंक- 147 | R.N.I. No. UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | पृष्ठ 8 | मूल्य : 2 रुपये


## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश ने इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का किया अनुरोध

(एजेंसी), नयी दिल्ली । बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बांग्लादेश पुलिस की ओर से इस संबंध में इंटरपोल को औपचारिक अनुरोध भेजा गया है। शेख हसीना के अलावा 11 अन्य व्यक्तियों के खिलाफभी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश में अस्थिरता फैलाने की साजिश रची और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे। ढाका ट्रिब्यून ने, देश के पुलिस मुख्यालय में सहायक महानिरीक्षक (मीडिया) इनामुल हक सागर के हवाले से इसकी पुष्टि की है।

### जम्मू-कश्मीर के सीएम फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़के

(एजेंसी) नयी दिल्ली । जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए। उन्होंने कहा- दिल्ली एयरपोर्ट पूरी तरह बर्बादी का नजारा है। दरअसल, अब्दुल्ला इंडिगो की फ्लाइट से श्रीनगर से दिल्ली आ रहे थे। दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़ और गड़बड़ी की वजह से पहले तो फ्लाइट को 3 घंटे तक लैंड नहीं कराया, फिर जयपुर डायवर्ट कर दी गई। वहां उन्हें और बाकी यात्रियों को काफी देर तक विमान में ही बैठाए रखा गया। उमर ने रात 1 बजे जयपुर एयरपोर्ट में प्लेन की सीढ़ियों पर ली गई एक सेल्फी ग् पर पोस्ट की। वहीं, करीब तीन घंटे बाद उन्होंने बताया कि वे सुबह 3 बजे के बाद दिल्ली पहुंचे।

### राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे, रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का करेंगे दौरा

(एजेंसी), नयी दिल्ली । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिका पहुंच गए हैं। उन्होंने बोस्टन से देश की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू की है। बोस्टन के लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गांधी का स्वागत इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और अन्य लोगों ने किया। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट किया, विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी का बोस्टन, अमेरिका के बोस्टन लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यूनिवर्सिटी में एक व्याख्यान देंगे।कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा, ष्पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका के रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। वह वहां एक व्याख्यान देंगे और संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे।

### द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

(एजेंसी), नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20-25 अप्रैल के बीच अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। वित्त मंत्री सीतारमण का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, अपने अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी। सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव' विषय पर मुख्य भाषण देंगी, जिसके बाद एक फायरसाइड चौट सेशन होगा।

# नया भारत 140 करोड़ भारतवासियों के परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध : योगी

❑ नये यूपी में स्थानीय हस्तशिल्पियों को आगे बढ़ाने के लिए एक जनपद-एक उत्पाद योजना, विश्वकर्मा श्रम योजना, पी0एम0 विश्वकर्मा योजना सुचारू ढंग से संचालित हो रही





चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में 1498 करोड़ रुपये लागत की 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट, प्रतीकात्मक चेक व चाभी, प्रमाण पत्र, लैपटॉप तथा 05 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन तथा महिलाओं की गोदभराई की। विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता। जो लोग विकास नहीं कर सकते वे लोग जाति, मत, पंथ, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर सामाजिकता के ताने-बाने को छिन्न भिन्न कर सकते हैं। वर्ष 2017 के पहले का प्रदेश और वर्ष 2014 के पहले का भारत भ्रष्टाचार के आतंक में डूबा हुआ था। विश्वास का वातावरण नहीं था, नौजवान भटक रहा था, नक्सलवाद और आतंकवाद देश की सुरक्षा को चुनौती दे रहा था।

विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम एक नया भारत देख रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का भारत विकास के नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आज के भारत ने आतंकवाद व नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प के साथ जो कार्य प्रारम्भ किया, वह सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच कर दुनिया के सामने मॉडल बना है। विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय स्थापित करते हुए नया भारत 140 करोड़ भारतवासियों के जीवन में परिवर्तन करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नये भारत का नया उत्तर प्रदेश और नये उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर दुनिया के सामने है। नये उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसानों का सम्मान है। नारी गरिमा तथा व्यापारियों की सुरक्षा व नौजवानों के रोजगार की गारण्टी भी नये उत्तर प्रदेश में है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 08 वर्षों के इस विकास यात्रा को आपने बदलते हुए परिवेश में देखा है। नौजवानों को मिलने वाली नौकरियों, बेटियों और बहनों को मिलने वाली सुरक्षा तथा अन्नदाता किसानों के जीवन में होने वाले परिवर्तन को देखा है।

वर्ष 2017 से पहले गोरखपुर में विद्युत आपूर्ति कम होती थी। शहर में 05 घण्टे और ग्रामीण क्षेत्रों में सप्ताह में रोटेशन में विद्युत आपूर्ति होती थी। आज 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति हो रही है। पहले गोरखपुर से बड़हलगंज पहुंचने में 03 घण्टे लगते थे। आज मात्र 45 मिनट में बड़हलगंज से गोरखपुर आ सकते हैं। पहले भटहट से गोरखपुर आने में 01 घण्टा लगता था। आज भटहट से गोरखपुर के लिए 4-लेन सड़क बन गई है। भटहट में आयुष विश्वविद्यालय बन रहा है। यह परिवर्तन एक सकारात्मक सोच के कारण ही हो पाया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पहले यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था। लोगों को इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, डेंगू जैसी अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता था। गोरखपुर के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। नौजवान पलायन को मजबूर था। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मुसहर जनजाति भुखमरी का शिकार होती थी।

# राजनाथ सिंह ने पूर्वी विधानसभा के प्रभुद्ध वर्ग और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से किया संवाद

## लखनऊ के जितने भी प्रमुख पार्क हैं सभी में ओपन जिम लगाए जाएंगे : राजनाथ सिंह



चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ पूर्वी विधानसभा में रविवार शाम 4 बजे इंदिरानगर सेक्टर-सी स्थित इरम स्कूल में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह मौजूद रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचन्दर प्रधान, डॉ राघवेंद्र शुक्ला, इरम कॉलेज मैनेजिंग डायरेक्टर व प्रबंधक सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही। रक्षामंत्री ने उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का हालचाल पूछा, उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव भी जाने और शीघ्र निराकरण करने को कहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी मैं अपने संसदीय क्षेत्र में आता हूं मेरी कोशिश होती है कि ज्यादा से ज्यादा अपने कार्यकर्ताओं से मिल सकूं। आप लोगों ने लगातार तीसरी बार मुझे अपना सांसद चुना है। पर शायद आप लोगों को मैं उतना समय नहीं दे पता मुझे देना चाहिएं। रक्षा मंत्रालय के कार्य, कैबिनेट बैठक और सदन में व्यस्तता और अन्य राज्यों व विदेश दौरों के कारण ऐसा होता है। पर जब भी मैं दिल्ली रहता हूं तो वहां लखनऊ से पहुंचने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता से अवश्य मिलता हूं। विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ में बनने का कार्य पूरा हो गया है और 11 मई को मैं उद्घाटन करूंगा। पहले कोई भी हथियार, टैंक, गोला, मिसाइल हमको दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था लेकिन आपको खुशी होगी कि आप 24000 करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। यह हम लोगों ने तय किया था की रक्षा मंत्रालय के सभी उपकरण भारत में बनाएंगे। भारत वासियों के द्वारा बनाएंगे क्योंकि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है। भारत पहला वाला भारत नहीं है भारत अब बदल गया है। पहले भारत की छवि कमजोर और गरीब देश की थी लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। भारत अर्थव्यवस्था में 11वे स्थान से जंप लेकर अब पांचवें स्थान पर आ गया है और 2029 तक तीसरे स्थान पर आ जाएगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन में 14 लाख करोड़ का लेनदेन हुआ है और यूपीआई के माध्यम से लेन देन भी कई गुना बढ़ा है। रूस और यूक्रेन लड़ाई के समय प्रधानमंत्री मोदी जी ने तभी रूस और यूक्रेन के प्रधानमंत्री से पत्र करके 4रू30 घंटे के लिए युद्ध रोका गया और 22,500छात्र वहां से सुरक्षित वापस भारत आए। 4 किलोमीटर रिंग रोड बनाने का लाभ आवागमन में तो मिल ही रहा है प्रतिदिन लगभग 2 लाख वाहन रिंग रोड से गुजर रहे हैं। उसके आसपास के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है। गोमती नगर रेलवे स्टेशन एशिया का सबसे खूबसूरत स्टेशन बनकर तैयार होगा। वहां अभी काम अभी निरंतर चल रहा है। लखनऊ शहर में जमीन की कीमत अब विश्व के 10 टॉप शहरों में पहुंच रही है। 100 ओपन जिम भी और लगने जा रहे हैं सभी पांच विधानसभाओं में कम्युनिटी सेंटर और पांच लाइब्रेरी बन रही हैं। सम्मानित बुजुर्गों के लिए ओल्ड एज केयर सेंटर का भी निर्माण किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ में विकास के कार्य जो सोचा भी नहीं था उससे भी हजार और लाख गुना अधिक कार्य हुए हैं। लेकिन उसके बावजूद भी रक्षा मंत्री जी निरंतर यह पूछते रहते हैं और क्या काम होना है। लखनऊ में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति देने का काम कर रहे है। अटल जी ने जो सोचा था उसको धरातल पर उतारने का काम रक्षा मंत्री जी कर रहे हैं।

### हिमाचल सरकार कांग्रेस की सरकारों में सबसे भ्रष्ट : नड्डा

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख जे पी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है। धर्मशाला में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने नेशनल हेराल्ड को करोड़ों रुपये के विज्ञापन दिए हैं, जिसका प्रकाशन तक नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, हिमाचल सरकार देश की कांग्रेस सरकारों में सबसे भ्रष्ट है और वित्तीय कुप्रबंधन में सबसे ऊपर है। नड्डा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार राज्य में यह झूठा विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है कि केंद्र उसे धन नहीं दे रहा है और उसे हिमाचल की कोई चिंता नहीं है।

# 'राष्ट्र को अखंड रखने के लिए जरूरी है एक राष्ट्र, एक चुनाव' : डॉ. राजेश्वर सिंह

## सरोजनीनगर से उठी 'एक देश, एक चुनाव' की बुलंद आवाज : डॉ. राजेश्वर सिंह





चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना स्थित आवास पर रविवार को ष्एक राष्ट्र, एक चुनावष् के विषय पर एक विचारोत्तेजक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में भारत की चुनावी प्रणाली में सुधार के लिए प्रस्तावित ष्एक राष्ट्र, एक चुनावष् की अवधारणा पर गहन चर्चा हुई। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ-साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या और महनगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी में हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद रही। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आजादी के बाद अब तक 400 बार चुनाव हो चुके हैं। ष्एक राष्ट्र, एक चुनावष् का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ आयोजित करना है, ताकि मतदाता एक ही दिन में केंद्र और राज्य सरकार के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बड़े देश होने के कारण यह प्रक्रिया कई चरणों में हो सकती है। इसका लक्ष्य चुनावी खर्च को कम करना, प्रशासनिक व्यवधानों को समाप्त करना और शासन में निरंतरता लाना है। सरोजनीनगर विधायक ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि बार बार चुनाव होने से बार बार बहुत अधिक धन का व्यय होता है। चुनावों में जनता की कमाई का कीमती धन अनावश्यक रूप से खर्च किया जान ठीक नहीं है।

विधायक ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी पूरी तरह केन्द्रित होकर गुड पर ध्यान केन्द्रित करें, क्योकि बार बार चुनाव होने से सरकार की निरंतरता में कमी आती है। विधायक ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने 191 दिनों की व्यापक शोध के बाद मार्च 2024 में 18,626 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। इस समिति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, और चीफ विजिलेंस कमिश्नर संजय कोठारी शामिल थे। विशेष आमंत्रित सदस्यों में कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. नितेन चंद्र भी थे।

समिति ने 47 राजनीतिक दलों और 21,500 से अधिक नागरिकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर अपनी सिफारिशें तैयार कीं, जिनमें 32 दल और 80: जनता ने एक साथ चुनाव का समर्थन किया। डॉ. सिंह ने इस विधयेक की विधायी प्रगति से अवगत कराते हुए कहा कि 18 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया। 12 दिसंबर 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी। 17 दिसंबर 2024 को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे लोकसभा में पेश किया, जहाँ यह 269 के मुकाबले 198 मतों से पारित हुआ। गृहमंत्री अमित शाह और कानून मंत्री मेघवाल ने इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का समर्थन किया। 20 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में 12 सदस्यों को जेपीसी के लिए नामित करने का प्रस्ताव पारित हुआ, और विधेयकों को 39 सदस्यीय जेपीसी को सौंपा गया। जेपीसी ने अब तक दो बैठकें (8 जनवरी और 31 जनवरी 2025) आयोजित की हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि 1951 से 1967 तक भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित होते थे। 1951-52, 1957, 1962, और 1967 के चुनावों में यह परंपरा कायम रही।




लखनऊ। प्रेसिडेंटस कप गोल्फ टूर्नामेंट-2025 नवीन अरोड़ा (आईपीएस) को पुरस्कार प्रदान करते गोल्फ क्लब के प्रेसिडेंट सुभाष चन्द्र, आईपीएस।




लखनऊ। प्रेसिडेंट्स कप गोल्फटूर्नामेंट-2025, मेटाअर्थ फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित टूर्नामेंट में विजयी प्रतियोगियों के साथ गोल्फ क्लब के प्रेसिडेंट सुभाष चन्द्र, आईपीएस।

# सहिजनपुर के रामदासपुर मजरा में लगा 116वां 'आपका विधायक–आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर आयोजित

## विधायक राजेश्वर सिंह का आपका विधायक-आपके द्वार जन सुनवाई शिविर प्रतिभा, खेल और सेवा का संगम

चर्चित राजनीति। संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की माता स्व. तारा सिंह की स्मृति में प्रत्येक सप्ताह आपका विधायक – आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया जाता है। साप्ताहिक जनसुनवाई शिविरों की कड़ी में रविवार को ग्राम पंचायत सहिजनपुर के रामदासपुर मजरा में 116 वां 'आपका विधायक – आपके द्वार' शिविर आयोजित हुआ। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को न केवल सुना गया बल्कि त्वरित समाधान की प्रक्रिया भी अपनाई गई। गर्मी की तपिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण इस जनसुनवाई शिविर में पहुंचे। वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, नाली–सड़क, राजस्व, विद्युत सहित 30 प्रमुख समस्याओं को ग्रामीणों ने सामने रखा। मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि कुछ समस्याओं को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय कर समाधान का आश्वासन दिया गया। ग्राम पंचायत सहिजनपुर के रामदासपुर मजरा के प्रतिभाशाली छात्राओं और छात्रों के लिए यह शिविर यादगार बन गया। 'गांव की शान' पहल के तहत हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 2 मेधावियों दृ सौम्या राजपूत (81.3:), विशाल कुमार (75:), एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 2 मेधावियों राज रावत 76.6: एवं नैना रावत 63.4: को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि, ष्गांव की प्रतिभाएं हमारी असली शक्ति हैं, इन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प के तहत ग्राम पंचायत सहिजनपुर के रामदासपुर मजरा में 73वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। शिविर में क्लब को कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित कई खेल संसाधन प्रदान किए गए। इस पहल के पीछे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि ष्स्वस्थ समाज के निर्माण में खेलों की अहम भूमिका होती है, और हमारा लक्ष्य हर गांव में खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है ग्राम पंचायत सहिजनपुर के रामदासपुर मजरा के प्रबुद्धजनों और वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सम्मान देने की परंपरा इस शिविर में भी निभाई गई। ग्राम प्रधान सरवन, पूरन लाल, बाबू लाल, राजू यादव, भगवानदीन, नवीन तिवारी, अनिल तिवारी, अमरेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, रुक्मणि, अमित कुमार, रामू लाल, राम अवस्थी, कृष्ण अवस्थी, हरिकृष्ण अवस्थी, अखिलेश, उषादेवी सहित कई अन्य ग्रामीणों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों को 'ताराशक्ति' निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। यह रसोई न केवल अन्नदान की परंपरा को आगे बढ़ा रही है, बल्कि गाँवों में समरसता और सेवा भाव को भी मजबूत कर रही है। शिविर के सम्बन्ध में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि ष्यह पहल सिर्फ समस्याओं को सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाधान की ठोस प्रक्रिया का हिस्सा है। हमारी कोशिश यही रहती है कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सरोजनी नगर में संचालित अभिनव कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ मिल सके, किसी को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े। ग्राम पंचायत गहरू में आयोजित इस शिविर ने एक बार फिर साबित किया कि जब नेतृत्व मजबूत इरादों के साथ काम करता है, तो बदलाव निश्चित रूप से होता है।

## लखनऊ उत्तर क्षेत्र के प्रबुद्ध जन संवाद में बोले रक्षा मंत्री

# दो साल में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था : राजनाथ सिंह

## पीओके के लोग खुद बोलेंगे कि हमें भारत में मिलाया जाय

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने करिश्माई काम किया है। दुनिया में धारणा थी कि भारत गरीबों का देश है। अब यह धारणा बदली है। भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंची है और वित्तीय संस्थानों का दावा है कि अगले दो साल में भारत दुनिया कि टॉप थ्री अर्थव्यवस्था बनेगा। रविवार को महर्षि विश्वविद्यालय के सभागार में लखनऊ उत्तर मण्डल चार के प्रबुद्ध जनों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 11 साल पहले भारत में केवल दो फैक्ट्रियां मोबाइल बनाती थीं आज 270 निर्माण इकाईयां काम कर रही हैं। डिजीटल लेनदेन में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। रक्षा मामलों में स्थिति यह थी कि छोटे छोटे कल पुर्जे भी बाहर से मंगाने पड़ते थे और छः सौ करोड़ का सामान निर्यात होता था तो कहा जाता था कि बड़ निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 24 हजार करोड़ का आयुध निर्यात कर रहे हैं और वर्ष 2029 तक यह पचास हजार करोड़ तक पहुंचायेंगे। जनसंवाद के खुले मंच पर पीओके को भारत में मिलाने की मांग उठी। कहा गया कि मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान बनाने की मांग लखनऊ से ही उठाई थी और आज वह समय आ गया है कि पीओके को भारत में मिलाया जाय। रक्षामंत्री ने कहा कि पीओके के लोग खुद बोलेंगे कि हमें भारत में मिलाया जाय और मुझे विश्वास है कि वह दिन जल्द आयेगा। उन्होंने कहा कि आज भारत की सैन्य ताकत बढ़ी है। लखनऊ में बना ब्रम्होस मिसाइल न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में निर्यात होगा, जिसका उद्घाटन मैं 11 मई को करने जा रहा हूं। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इस सच्चाई को स्वीकार करता हूं कि जितना संभव होना चाहिए है वह नहीं हो पाया है। आपने तीसरी बार मुझे सांसद चुना और 11 वर्षों से लगातार गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के दायित्व निभा रहा हूं। देश के साथ साथ विदेश भी रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सारी व्यस्तताओं के बावजूद लखनऊ के लिए जो भी कर पाया हूँ वह आप सबकी शुभकामनाओं से हुआ है और उसका पूरा श्रेय आपको जाता है। संवाद कार्यक्रम में केशव नगर में सड़क निर्माण की मांग पर रक्षामंत्री ने विधायक डा. नीरज बोरा को सड़क बनवाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में एक राजकीय डिग्री कालेज की मांग भी उठी। विधायक डा. नीरज बोरा की प्रशंसा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि वे जब भी उनसे मिलते हैं तो क्षेत्र की समस्या लेकर ही मिलते हैं। मैं इन्हें देखकर समझ जाता हूं कि समस्या आ रही है। उनका समाधान भी होता है। जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि उत्तर मण्डल चार में आने वाले फैजुल्लागंज के चार वार्डों में अधिकांश क्षेत्र कच्चा था। आज लगभग सत्तर प्रतिशत सड़कें पक्की हो गयी हैं। बांस बल्ली हटाकर पक्के खम्भे और एबीसी वायर लगे हैं। दाऊदनगर में बिजली घर बना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुला। पचास बेड का हास्पिटल निर्माणाधीन है। नौ किमी लम्बा पक्का गहरा नाला बन रहा है। हार्डिंग ब्रिज के बगल में नया पुल, फैजुल्लागंज को पुराना लखनऊ से जोड़ने वाले पाण्टून सेतु के स्थान पर पक्का पुल बनाने का काम शुरु हो रहा है। ग्रीन कारीडोर बन रहा है। दाऊदनगर में कल्याण मण्डप बन रहा है। जानकीपुरम के सेक्टर एफमे सिनीयर सिटीजन डे केयर तथा जानकीपुरम विस्तार में बड़ा पुस्तकालय बन रहा है। इंजीनियरिंग कालेज पर ओवर ब्रिज, सहारा स्टेट हेतु अण्डरपास का प्रावधान हम लोगों के लिए बड़ी सौगात है। विधायक डा. बोरा ने रक्षामंत्री को लखनऊ के चतुर्मुखी विकास के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहले फैजुल्लागंज संक्रामक बीमारियों की चपेट में रहता था। प्रदेश सरकार ने संचारी रोग अभियान की शुरुआत लखनऊ उत्तर क्षेत्र से की और आज यह कह सकते हैं कि संचारी रोगों को कम करने में सफलता मिली है।




# रेडियो सिटी स्पेशल 26 अवाड्र्स में यूपी की 26 महिला पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

चर्चित राजनीति। संवाददाता



लखनऊ। रेडियो सिटी 91.1 एफएम द्वारा आयोजित श्स्पेशल 26 अवाड्र्सश् का आयोजन लखनऊ के पिकैडली होटल में भव्यता से संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की 26 महिला पुलिस अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान और साहसिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार, अति विशिष्ट अतिथि और लखनऊ के पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने रेडियो सिटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिला पुलिस अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाते हैं। रेडियो सिटी स्पेशल 26 अवाड्र्स में सम्मानित हुई सभी महिला पुलिस अधिकारी इस सराहना से अत्यंत प्रसन्न और गर्वित महसूस कर रही थीं। अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा के लिए उन्हें जो पहचान मिली, उसने उनके आत्मविश्वास को और भी मजबूत किया। इस सम्मान ने न केवल उनके कार्यों को मान्यता दी, बल्कि उन्हें प्रेरित किया कि वे आगे भी समाज की सेवा में उत्कृष्टता बनाए रखें। रेडियो सिटी की इस पहल ने महिला अधिकारियों के योगदान को उजागर करते हुए उन्हें एक नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान किया। रेडियो सिटी की यह पहल महिला सशक्तिकरण और पुलिस विभाग में महिलाओं की भूमिका को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम ने न केवल महिला पुलिस अधिकारियों के योगदान को सम्मानित किया, बल्कि समाज में उनकी प्रेरणादायक भूमिका को भी उजागर किया। स्पेशल 26 अवाड्र्स दृ सेलिब्रेटिंग द पावर ऑफ वुमेन दृ विद अ डिफ्रेंसश् नामक इस कार्यक्रम का मंच संचालन रेडियो सिटी की आरजे करिश्मा और आरजे विक्रम ने किया। इस अवसर पर रेडियो सिटी के प्रोग्रामिंग हेड प्रतीक मेहरा, वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स) इति कपूर, मार्केटिंग टीम के प्रकृति, नितेश, प्रोग्रामिंग टीम से श्वेता, पुष्कर और सेल्स टीम के अचल कृष्णा, राहुल सेठी, तान्या, विद्या, फातिमा, सिंधुजा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में नेशनल मूट कोर्ट का ग्रैंड फिनाले, पटना लॉ यूनिवर्सिटी की टीम रही विनर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ की इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में द ज्यूरर लीग मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस सैयद कमर एच. रिजवी पहुंचे।उन्होंने स्टूडेंट्स को लॉ प्रोफेशन की गरिमा और अहमियत को मेन्टेन रखने पर जोर दिया। इवेंट की विजेता टीम चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना को 21 हजार की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और पदक प्रदान किया गया। जबकि बैंगलोर की उपविजेता टीम जोसेफ कॉलेज को 11 हजार की नकद धनराशि मिली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सैयद कमर एच. रिजवी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रो. (डॉ.) केए पांडे और लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ.अभिषेक कुमार तिवारी शामिल रहे। इस दौरान स्टूडेंट्स की रिसर्च थिंकिंग,एनालिटिकल एबिलिटी और मेंटल स्टेटस से जुड़े सवाल भी हुए। कम्पटीशन के दौरान बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को मिला। जबकि बेस्ट मेमोरियल पुरस्कार डॉ.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को मिला। बेस्ट स्टूडेंट अधिवक्ता हर्षित त्यागी रही। साथ भी ठठ न् लखनऊ की टीम को बेहतरीन टीम की अवॉर्ड मिला। इस दौराय कई लोगों की राज्यों से कुल 36 टीमों ने हिस्सा लिया। ग्रैंड फिनाले में अध्यक्षता प्रो–चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने की। उन्होंने कहा कि लॉ डिपार्टमेंट ने महज 9 साल में अपनी अलग पहचान बनाई है और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी वैश्विक शिक्षा मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए।

# लखनऊ में 'द होटल सेलेस्टियल मेनोर' का हुआ भव्य शुभारंभ

## लखनऊ के पॉश एरिया में स्थित है द होटल सेलेस्टियल मेनोर

**❑ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार श्री असीम अरूण जी ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

चर्चित राजनीति। संवाददाता



लखनऊ। ओमैक्स हजरतगंज गोमतीनगर में स्थित द होटल सेलेस्टियल मेनोर ने अपनी भव्य उपस्थिति के साथ लखनऊ के होटल उद्योग में एक नए युग की शुरुआत की है। यह 4–सितारा होटल अपने अतिथियों को उच्चतम स्तर की सुविधा और सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। 19 अप्रैल 2025 को इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार श्री असीम अरूण जी, प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार श्री रजा मुराद, प्रसिद्द इंडियन एक्ट्रेस और मॉडल मिस मुग्धा गोडसे, बॉलीवुड कलाकार और प्रसिद्ध कॉमेडियन श्री एहसान कुरैशी, हिंदी फिल्मों और टीवी सीरियल्स के प्रसिद्ध कलाकार श्री शाहबाज खान, हिंदी फिल्मों के मशहूर एक्टर श्री इमरान खान, टीवी सीरियल्स की प्रसिद्ध अभिनेत्री मिस टीना दत्ता, टीवी सीरियल्स की प्रसिद्ध कलाकार श्रीमती आरती सिंह और साथ ही हिंदी, भोजपुरी और मराठी फिल्म्स और सीरियल्स की प्रसिद्ध कलाकार अभिनेत्री पाखी हेगडे द्वारा फीता काटकर किया गया। द होटल सेलेस्टियल मेनोर के डायरेक्टर श्री मनीष वर्मा ने बताया कि होटल को खासतौर पर रोमन थीम पर बनाया गया है ताकि यहां पर आने वाले अतिथि रोमन संस्कृति का अनुभव ले सकें। होटल में स्थित रेस्टोरेंट में कई विशेष लजीज व्यंजन परोसे जाएंगे। द होटल सेलेस्टियल मेनोर आधुनिक सुविधाओ से भरपूर है और उच्चतम स्तर की सेवा इसे लखनऊ में एक अद्वितीय और आकर्षक विकल्प बनाती है। निदेशक श्री अचल गुप्ता और श्री मनीष ललचंदानी कहते हैं कि द होटल सेलेस्टियल मेनोर की शुरुआत 100 कमरों के साथ हुई है। जो आराम और सुविधा के उच्चतम मानकों को पूरा करते हैं । साथ ही 800 से 1000 लोगों की क्षमता के साथ ओपन एरिया बैंकेट है जो पार्टी इत्यादि विभिन्न प्रकार के आयोजनों के लिए उपयुक्त हैं। द होटल सेलेस्टियल मेनोर में उपस्थित सैलून और पूल एरिया आराम और मनोरंजन के लिए अतिथियों को विशेष अनुभव प्रदान करता है। फाइन डाइन रेस्तरां, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ एक अद्वितीय भोजन का अनुभव देता है। महेंद्र खैरिया जिन्हें शेफखैरिया के नाम से भी जाना जाता है। होटल द सेलेस्टियल मेनोर के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने खाने के विभिन्न व्यंजनों में अपने हाथों का जादू दिखाया । शेफखैरिया के द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखकर मेहमान मंत्रमुग्ध हो गए । इस दौरान सबसे फेमस लखनवी कबाब में भी शेफ खैरिया के हाथों के जायके ने मेहमानों को खूब आकर्षित किया । शेफ खैरिया को के द्वारा 2022 में इनोवेटिव शेफऑफद ईयर का अवॉर्ड भी प्राप्त हो चुका है। द होटल सेलेस्टियल मेनोर लखनऊ के हृदय में स्थित है, जो शहर के प्रमुख आकर्षणों और व्यवसायिक केंद्रों से आसानी से पहुंचा जा सकता है। होटल की आधुनिक सुविधाएं और उच्चतम स्तर की सेवा इसे लखनऊ में एक अद्वितीय और आकर्षक विकल्प बनाती है होटल सेलेस्टियल अपने मेहमानों को एलीट सुविधाएं प्रदान करेगा। बिजनेस सेंटर और मीटिंग रूम, उपलब्ध है। प्राइम लोकेशन के साथ है एक्सीलेंट कनेक्टिविटी द होटल सेलेस्टियल मेनोर लखनऊ की सबसे प्राइम लोकेशन ओमेक्स हजरतगंज में स्थित है। यह लोकेशन 112 डायल पुलिस हेडक्वार्टर और इकाना स्टेडियम से काफी करीब है।

## रक्षामंत्री ने सुलभ संस्थापक को दी श्रद्धांजलि, डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का किया अनावरण

संवाददाता, लखनऊ। रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने रविवार को अलीगंज स्थित एक सार्वजनिक समारोह में सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान डॉ. पाठक की बहू नित्या पाठक भी मौजूद रहीं। डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने 1970 में सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना की थी, जो स्वच्छता और शौचालय क्रांति की दिशा में एक बड़ा सामाजिक आंदोलन बन चुका है। राजनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा डॉ. पाठक का जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा। स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर उतारने में उनका योगदान ऐतिहासिक है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डॉक्टर बिंदेश्वर पाठकजी की प्रतिमा स्थापित की गई है। पाठकजी के बारे में मैं मानता हूं कि वह व्यक्ति नहीं, बल्कि एक आंदोलन थे। उनका एक दूर दर्शी सामाजिक उद्देश्य रहा था। इसमें कोई संदेह की बात होगी कि पाठक जी ने भारत के स्वच्छता परिदृश्य को बदलने में अहम योगदान दिया है। कहा उन्होंने सिद्ध कर दिया कि अगर सेवा भाव सच्चा हो तो समाज में बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना न केवल स्वच्छता का अधिकार दिलाया बल्कि उनके लिए सम्मानजनक जीवन की राह खोली है। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वच्छता ही सेवा के विचार को बेहतर रूप देने का काम किया है। सुलभ इंटरनेशनल ने सामुदायिक शौचालयों को संचालित करने के अलावा सामाजिक क्रांति लाने का काम किया। पाठक जी खुले में शौचालय करने के हमेशा से विरोध में थे शायद इसलिए उनके अंदर ये प्रेरणा उत्पन्न हुई कि हमें सुलभ इंटरनेशनल का काम प्रारंभ करना चाहिए।

## मोबाइल ऐप के जरिये किसान करायें मृदा परीक्षण

संवाददाता, लखनऊ। पीएमआरकेवीवाई योजना में नेशनल प्रोजेक्ट आन स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी यानि मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल में चयनित ग्राम पंचायतों में खरीफहेतु भारत सरकार स्तर से विकसित मोबाइल ऐप के माध्यम से मृदा नमूना एकत्रीकरण निमित्त कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के जनपदों के विकासखण्डों में चयनित 16520 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान खातिर तिथियॉ 21, 25, 29 अप्रैल 2025 व 05 मई निर्धारित हैं, जिनमें योजनान्तर्गत खरीफहेतु लक्षित 70 प्रतिशत ग्राम पंचायतों से रेण्डम आधार पर 100 मृदा नमूना प्रति ग्राम पंचायत से संग्रहण व उनका विश्लेषण कराकर संबंधित कृषकों को निःशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। सहायक निदेशक मृदा परीक्षण व कल्चर डा. मनमोहन लाल ने मण्डल में चयनित ग्राम पंचायतों के कृषक अपने ग्राम में निःशुल्क मृदा नमूना एकत्रीकरण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण हेतु योजित कृषि विभाग के कार्मिकों, कृषि सखियों की उपस्थिति में सहभागिता करते हुये योजना को सफल बनाने हेतु मोबाइल ऐप के माध्यम ये मृदा नमूना एकत्रीकरण में सहयोग प्रदान कर खेत की उर्वराशक्ति की सही जानकारी मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से प्राप्त कर लाभ उठायें।

## दो बैंक के सर्वर में लगी आग, टीम ने एक घंटे के अंदर पाया काबू

संवाददाता, लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर में रविवार को दो प्राइवेट बैंकों के सर्वर में आग लग गई। जिससे बैंक में धुंआ भर गया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम फायर एक्सटिंग्यूशर्स की मदद से सर्वर में लगी आग को पूरी तरह बुझाया गया। समय से आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया। वरदान खंड गोमतीनगर स्थित बंधन बैंक में दोपहर करीब 1.30 बजे सर्वर में आग लग गई। रविवार होने की वजह से बैंक बंद था। धुंआ निकलते देख गार्ड ने बैंक कर्मी व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने देखा कि बैंक मे भयंकर धुँआ भरा हुआ है। वहां मौजूद बैंककर्मी ने बताया कि सर्वर मे आग लगी है। टीम ने दो फायर एक्सटिंग्यूशर्स को चलाकर सर्वर मे लगी आग को बुझाया। इसके बाद स्मोक एक्झासटर चलवाकर बैंक के धुँए को निकाला गया।टीम वहां से निकल रही थी तभी सूचना मिली कि महिन्द्रा कोटक बैंक के सर्वर से धुँआ निकल रहा है। मौके पर टीम आग बुझाने पहुंची। फायर एक्सटिंग्यूशर्स चलवाकर सर्वर की आग को पूरी तरह बुझा दिया। एफएसओ गोमती नगर ने बताया कि दोनों बैंक के सर्वर में आग लगी थी। कोई नुकसान व जनहानि नहीं हुई है।

## पसमांदा मुस्लिम महाज ने वक्फ कानून का समर्थन किया,

संवाददाता, लखनऊ। राजधानी में रविवार को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने प्रेस वार्ता किया। संगठन ने वक्फसंशोधन कानून का संपूर्ण रूप से समर्थन किया। वक्फकानून को मुस्लिम समुदाय के हित में बताया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफने कहा कि नए कानून के फायदे को देखते हुए हमने इसे समर्थन देने का फैसला लिया। प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए परवेज हनीफने कहा कि वक्फबिल का नया कानून स्वागत योग्य है। अभी तक जो वक्फबोर्ड में भ्रष्टाचार हुआ है उसे पर लगाम लगेगा। गरीब और पसमांदा मुसलमान को वक्फकी संपत्तियों में कुछ भी नहीं मिला। यही कारण है कि पसमांदा मुसलमान आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा हुआ है। संगठन के लोग जेपीसी कमेटी की बैठक में भी हिस्सा ले चुके हैं। उस समय जो महत्वपूर्ण सुझाव थे वह हमने दिया था। इसलिए इस बिल के नफा और नुकसान से हम लोग अच्छी तरह वाकिफहै। हमारा समाज वक्फकानून का समर्थन करते हुए स्वागत कर रहा है। संगठन के सीईओ ने बताया कि हम लोगों ने दिल्ली , महाराष्ट्र, तेलंगाना समेत विभिन्न बैठकों में हिस्सा लिया। संगठन की ओर से 8 संशोधन प्रस्तावित किए गए थे। संगठन को श्वक्फबाय यूजर प्रावधानश्को अप्रैल 2025 के बाद समाप्त करने पर कोई आपत्ति नहीं है। हमारी यह मांग है कि नए कानून से मस्जिद , कब्रिस्तान मदरसा और अन्य धार्मिक स्थलों को कोई नुकसान ना हो। हम यह चाहते हैं कि वक्फकी संपत्तियों से गरीब , विधवा लोगों के लिए वृद्ध आश्रम और अनाथ बच्चों के लिए अनाथालय शुरू किया जाए।

## विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाशाली महिलाओं को मिला अपराजिता सम्मान

संवाददाता, लखनऊ। गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में अपराजिता नेशनल वेलफेयर ट्रस्ट का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट की संस्थापक डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रो. सीमा सरकार, संरक्षक नीता माथुर और मुख्य अतिथि इंजीनियर मनोज श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन से किया।समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की उल्लेखनीय महिलाओं को श्अपराजिता सम्मानश् से नवाजा गया। साहित्य से डॉ. अमिता दुबे, रंगमंच से संध्या रस्तोगी, खेल से आशा सिंह, शिक्षा से प्रो. मंजुला उपाध्याय और आर्मी से स्क्वाडन लीडर डॉ. तूलिका रानी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की न्यूजलेटर और कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में अपराजिता अचीवर अवॉर्ड के तहत साहित्य में रश्मि सिंह, सांस्कृतिक क्षेत्र में नीति शुक्ल, शिक्षा में शिखा श्रीवास्तव और बेस्ट एंटरप्रेन्योर में संदीप कौर को सम्मानित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में पूजा और अनुष्का ने अपराजिता गीत प्रस्तुत किया। मालविका का नृत्य, स्मिता का गीत, स्तुति नृत्यम और काजल की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन के लिए अंजुला और विनीता त्रिपाठी को विशेष सम्मान मिला। विशिष्ट पुरस्कार विशुती, मालविका, रक्षिता और डॉ. अपूर्वा अवस्थी को दिए गए। संस्था की वरिष्ठ सदस्य डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव ने एक जरूरतमंद बच्ची को साइकिल भेंट की। वर्ल्ड हैपिनेस डे पर आयोजित प्रतियोगिताओं में कई प्रतिभागियों ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम का समापन उपाध्यक्ष डॉ. क्षितिज शुक्ल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन की सफलता में डॉ. क्षितिज शुक्ल, शिखा श्रीवास्तव और अर्पणा सक्सेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हम सुधरेंगे युक्त सुधरेगा से गुंजा कारागार

संवाददाता




बांदा। जिला कारागार मे गायत्री परिवार युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन साधना के सूत्रों को लेकर पंहुचा उपजोन चित्रकूट और बाँदा गायत्री परिवार ने कारागार मे युगसाहित्य और पुस्तकालय हेतु आलमारी प्रेमलाल कुशवाहा भोपाल के सौजन्य से भेंट की गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा जेल सुधार गृह है इसका वातावरण भी ऐसा ही हों इसके लिए अखिल विश्व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश मे उ प्र और म प्र के सभी जेलों मे गायत्री परिवार वंदी साधना कार्यक्रम चला उसे गुरुकुल साधना स्थली बनाने का प्रयत्न करता है इसी क्रम मे यहाँ भी प्रयत्न शुरू हुआ जेल मे चिंतन साधना, एकांत जीवन का समय यदि सुधार् हेतु लगे तो वंदी जीवन को पूरी तरह परिवर्तित कर निकलेंगे भोपाल से आये इस अभियान को गति देने वाले इं प्रेमलाल कुशवाहा ने कहा जीवन मे विचारों का बड़ा महत्व है व्यक्ति जेल मे क्यों आता है।

कुविचारों के कारण आज गायत्री परिवार आपके वीच आया सुविचारो के कारण जीवन मे उत्थान और पतन सब विचारों के कारण विचार बदलते है साहित्य श्रेष्ठ लोगों के कारण इसी लिए गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा ने 3250 पुस्तके लिखी जो भारतीय इतिहास मे अद्वितीय है जिन्हे पढ़कर लोग जीवन बदल रहे और आज गायत्री परिवार विश्व का सवसे बड़ा परिवार 25करोड़ लोगों का है विश्व के 100से अधिक देशो मे कार्य कर रहा है उप जोन समन्वयक रामशंकर द्विवेदी ने कहा हम सभी परिजन मिलके वंदी साधना अभियान यहाँ चलाएंगे_ मुख्य रूप से बंदी भाइयों ने मन्त्र लेखन, गायत्री मन्त्र जप तथा एक बुराई त्यागने का संकल्प किया और आगे 24कुण्डीय गायत्री यज्ञ हेतु जेलर साहव ने संकल्प किया_ इस अवसर पर रामचंद्र गुप्ता रवि दोसर, राजेंद्र तिवारी, नवीन निगम रामशरण शास्त्री, बृजेश त्रिपाठी, रामजानकी शुक्ला, गीता द्विवेदी, अरुण निगम, राजकुमार ओझा अनीता सिंह आदि उपस्थित रहे

# पत्नी ने बच्चों संग मिलकर किया पति की हत्या

संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज जनपद जमुनापार मांडा थाना क्षेत्र के मंडार गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है की पत्नी ने बच्चों संग मिलकर नसेड़ी पति की हत्या कर दिया। मृतक पूर्व प्रधान परमेश्वर पटेल के बेटे सियाराम पटेल (48) है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं और कपड़े खून से सने हुए है। घटना की जानकारी मिलते ही मांडा के कार्यवाहक इंस्पेक्टर माधव प्रसाद त्रिपाठी और दीघीया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटित घटना एवं पुलिस कार्यवाही के संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त मेजा ने बतया की पत्नी की हिरासत में लिया गया है। बच्चों से भी पूछतांछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि सियाराम नशे का आदी था। वह अक्सर नशे की हालत में पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था। शनिवार की रात भी उसने घर में विवाद किया था। आरोप है कि इसी से नाराज होकर पत्नी और बच्चों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। किसी मोटे डंडे से उसका मारा गया। हालत बिगड़ने पर उसे परिजन अस्पताल लेकर गये। जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हॉउस भिजवाया।

# दा पाम स्टेट ने शहर के दक्षिण क्षेत्र में देगा बेहतरीन फ्लैट

संवाददाता



कानपुर। अगर आप शहर के दक्षिण क्षेत्र नौबस्ता में फ्लैट लेने के लिए सोच रहे हैं तो आप एक बार नौबस्ता मेट्रो स्टेशन के समीप जेसिया इंफ्रा कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे द पाम स्टेट की विजिट एक बार अवश्य करें और अपने सपनों का आशियाना वहां पर अत्यधिक सुविधाओं के साथ देखें। कंपनी की ओर से आज से बुकिंग भी शुरू करती गई है। रविवार के दिन बुकिंग करने वाले प्रत्येक ग्राहक को 5: का डिस्काउंट भी दिया गया साथी अगर आप केंद्रीय व राज्य कर्मचारी है तो कंपनी की ओर से ढाई परसेंट का डिस्काउंट अतिरिक्त दिया गया है। यह जानकारी डायरेक्टर इंद्रेश मिश्रा ने दी है। उन्होंने बताया कि साउथ की यह सबसे बड़ी टाउनशिप होगी जहां पर अत्याधुनिक सुविधाएं यहां के लोगों को प्राप्त होगी कंपनी की ओर से सभी फ्लैट 3 बीएचके के होंगे जिसकी शुरुआती कीमत 65 लख रुपए है। पूरे स्टेट में पूजा के लिए मंदिर घर बच्चों के लिए पार्क जिम स्विमिंग पूल बास्केटबॉल वॉलीबॉल बैडमिंटन खेलने के लिए मैदान भी होंगे साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी रहेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी एरिया में करीब 400 से अधिक फ्लैट बनाए जाएंगे और अगले 3 साल के बाद लोगों को रहने के लिए सुपुर्द भी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि द पाम स्टेट जोकि हाउसिंग अपार्टमेंट के लिए प्रसिद्ध है आप ग्राहकों के लिए एक मॉडर्न जीवन शैली के फ्लैट उपलब्ध कर रही है। बुकिंग के दौरान श्रेयास सचान अमित मिश्रा अभिराज अग्रवाल कार्तिक अरोड़ा अतुल अग्रवाल के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# वार्ड 67 के पार्षद द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास

संवाददाता



कानपुर। बीते एक दशक से ज्यादा समय से परेशान बर्रा-4 वार्ड नंबर 67 ईडब्ल्यूएस क्षेत्र के निवासियों को अब राहत मिल गई है। लंबे संघर्ष के बाद नगर निगम में उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गली निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। क्षेत्रीय निवासी सुशील तिवारी ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए क्षेत्र की जनता के साथ-साथ पार्षद देवेंद्र द्विवेदी भी महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे और नगर आयुक्त से मांग कर रहे थे। इसके बाद उनकी मांगों को पूरा कर लिया गया है इसी के चलते आज क्षेत्र में विद्वान आचार्य द्वारा निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत तरीके से कराया गया जिसके बाद ठेकेदार द्वारा गली निर्माण कर का कार्य शुरू किया गया है। पूजा अर्चना के दौरान सर्वप्रथम कन्या पूजन भी किया गया और उसके उपरांत क्षेत्र में मिष्ठान का वितरण किया गया। श्री तिवारी ने बताया कि वह एमएलए ग्रुप में कार्यरत हैं और उनकी ओनर एवं समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल ने भी उनके गली निर्माण के लिए शहर के आल्हा अधिकारियों से न सिर्फ वार्ता की बल्कि पर्सनल मुलाकात भी कर समस्या से अवगत कराया था वह अपने मालिक का भी शुक्रिया अदा करते हैं आज के कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती उर्मिला पांडे के साथ-साथ विधायक सुरेंद्र मथानी एम एल ए ग्रुप के निर्देशक सेठ मुरारी लाल अग्रवाल को आना था लेकिन अचानक सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रोग्राम बन गया जिसके चलते यह सभी गणमान्य लोग कार्यक्रम में नहीं आ सके।

# आओ करें प्यार की बातें पुस्तक का विमोचन होटल सारंग में किया गया

संवाददाता



बांदा। डा शंकर जी सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी बांदा की पुस्तक ष्आओ करें प्यार की बातें गीतऋषि पद्मश्री गोपालदास ष्नीरजष् के शताब्दी वर्ष में उन्हीं को समर्पित पुस्तक का विमोचन होटल सारंग में किया गया,इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अशोक प्रजापति वरिष्ठ वैज्ञानिक (नासा),प्रो राम गोपाल गुप्त, सुरेन्द्र पाठक जिला संघ चालक (आर एस एस), शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक बांदा, द्वारिकेश मण्डेला अध्यक्ष बार एसोसिएशन बांदा, लवलेश सिंह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सदस्य संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय कवि अर्जुन सिंह चांद, डॉ शबाना रफीक,की उपस्थिति में हुआ, कार्यक्रम का संचालन डॉ शिव प्रकाश सिंह ने किया दूसरे सत्र में विराट कवि सम्मेलन हुआ जिसमें दीनदयाल सोनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया लखनऊ, प्रयागराज, उन्नाव, चित्रकूट,महोबा, बांदा से पधारे कवियों ने खूब समा बांधा शंकर जी सिंह चार पंक्ति श्आंगनदृआंगन बांट दिया। पेड़ आम का काट दिया ।बहुत बड़ा था ताल गांव का। किसने उसको पाट दिया ।श् पुस्तक विमोचन के पश्चात पुस्तक के गीतों पर आधारित नटराज संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कत्थक गुरु पं विकास दीक्षित के निर्देशन में नृत्य प्रस्तुत किया,महोबा से कवियित्री नीतू पालीवाल ने प्रेम गीत से समा बांधा, अब्दुल जब्बार, झांसी से, कवियित्री हेमा पाण्डेय जी लखनऊ से साजन बिना नहीं जियरा लागे गीत पढ़कर वाह वाही लूटी, कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी सम्मानित लोगों का स्वागत किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से अंकुर गुप्ता, शिवमंगल सिंह,राम सुमेर यादव पी टी ओ , परिवहन विभाग बांदा ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ शिवप्रकाश ने बुंदेली भाषा को विकसित करने की प्रेरणा देते हुए पढ़ा - आजौ मुराहरे से झाके दातीली अर्जुन सिंह चाँद ने अपनी प्रसिद्ध गजल लश्कर भी तुम्हारा हैं , अखबार तुम्हारा हैं । कार्यक्रम मे मनोज कुमार मृदुल ने पढ़ा जाने किस दौर की ये मुलाकात है, खुशियों के अंजुमन की ये बरसात है,आप ही आप से है सजी महफ्लि,आप के मिलन की ये सौगात है,योगेश कुमार अपने हाथ के कंगन मुझे तुम क्यों दिखाती हो,बताओ राज भी इसका हमीं से क्यों छिपाती हो,तुम अपने बाग के माली की तो पूरी अमानत हो,दबा कर हाथ मेरा क्यों मेरी धड़कन बढ़ाती हो,डॉ धनंजय सिंह ,इंद्रवीर सिंह, सबल सिंह,इं ओम् प्रकाश मसुरहा , अशोक त्रिपाठी जीतू ,अमित सेण भोलू , जय राम सिंह बछेउरा, शिवविजय सिंह,आनंद किशोरी लाल , ठाकुर दास पंछी गोपाल गोयल ,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मनोज कुमार मृदुल ? और योगेश कुमार ने सहसंयोजक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान कार्यक्रम में दिया,अन्त में सभी अतिथियों का आभार डॉ धनंजय सिंह (प्रंबधक नटराज संगीत महाविद्यालय बांदा)ने किया।

# अभिभावकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन महानगर अध्यक्ष को सौंपा

संवाददाता



प्रयागराज। अभिभावक एकता समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी के नाम से भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रयागराज कार्यालय मे संजय गुप्ता को ज्ञापन सौपा गया है। इस अवसर में विजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा में व्यवसाय कारण बंद होना चाहिए गरीब हो यह रईस शिक्षा शिक्षा हो एक समान अधिकार वर्तमान समय प्राइवेट कान्वेन्ट स्कूलों में बेतहाशा वृद्धि से अभिभावक परेशान हैं। स्कूलों में 15:से 25: प्रतिशत फीस वृद्धि उसके बाद लगभग हर साल पाठ्य पुस्तकों में बदलाव हो रहा हैं, स्कूलों को भी व्यवसायिक केन्द्र बनाकर या किसी दुकान से तालमेल करके कापी किताब, जूते मोजे,आदि सामग्री मनमानी कीमत पर खरीदने हेतु अभिभावकों को विवश किया जा रहा है,ऐसी स्थिति में आम आदमी अपने बच्चों को शिक्षित कर पाने में असहज दिखाई दे रहा है। प्रमिल केसरवानी प्रदेश महामंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन से कान्वेन्ट स्कूलों में हो रही बेतहाशा फीस वृद्धि पर तत्काल पर रोक लगाई जाय। शिक्षा के मन्दिर स्कूलों का व्यवसायीकरण रोककर अभिभावकों को कहीं से भी कापी किताब,जूते मोजे आदि खरीदने हेतु स्वतन्त्र किया जाय। पाठ्यक्रमों में बदलाव में कम से कम 10 वर्ष का अन्तर निर्धारित किया जाय। ज्ञापन सौंपने वाले बृजेश निषाद,गुड्डू, प्रदीप श्रीवास्तव,अजय गुप्ता,मनीष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता,अतुल खन्ना,विकास अग्रहरि, विमल गुप्ता,अशोक गुप्ता,गणेश गुप्ता, लीलावती पांडे,पंकज गुप्ता,पप्पू अग्रहरि, इमरान अली,बबलू आदि अभिभावक गण मौजूद रहे।

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

संवाददाता




कानपुर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन कानपुर द्वारा एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार और कार्यशाला का आयोजन होटल प्रिस्टिन में आयोजित हुआ । जिसमें साउथ कोरिया की इंप्लांट कंपनी श्डेंटिसश् की टीम द्वारा नवीनतम तकनीक से कंप्यूटर द्वारा गाइडेड सर्जरी कर जबड़े की हड्डियों में इंप्लांट डाल कर कृत्रिम दांत लगाने पर चर्चा हुई । डॉ गौरव मुंजाल ने कृत्रिम दांत लगाने के दौरान आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की तो वही डॉ कपिल चौहान ने गाइडेड सर्जरी से इंप्लांट डालने की कार्यशाला आयोजित की । आईडीए प्रेसिडेंट डॉ अवधेश तिवारी ने बताया अब आप चाहे 80- 90 वर्ष की अवस्था में हो, या आप बीपी, शुगर की समस्या से पीड़ित क्यों न हो, फिर भी आप बुढ़ापे में भी जवानी जैसे दांत प्राप्त कर सकते हैं । आईडीए सचिव डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि इस तरह की आधुनिक कार्यशाला का आयोजन कानपुर में पहली बार हो रहा है, इससे सीख कर सैकड़ों डेंटिस्ट लाभान्वित होंगे । सीडीई कन्वीनर डॉ अभिनव मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष इस तरह के और भी कई सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करने की योजना बन चुकी है । इस अवसर पर महाराणा प्रताप डेंटल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मीतू अग्रवाल, रामा डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आशीष साहनी के साथ वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ ए के मेहरोत्रा, डॉ वाई सी मिश्रा, डॉ जयपुरिया , डॉ पी के वर्मा, डॉ गौरी मिश्रा, डॉ अनुज गुप्ता, आगामी अध्यक्ष डॉ जगवीर सलूजा, पूर्व अध्यक्ष डॉ श्रवण सिंह, डॉ प्रणव ठाकुर, कोषाध्यक्ष डॉ अमित मिश्रा, डॉ शिव कुमार चौहान, डॉ अंकित मेहरोत्रा,डॉ मानस शुक्ला, डॉ ईरा गुप्ता, डॉ रोहित गुप्ता, डॉ विशाल अरोड़ा, डॉ सरदार सिंह यादव, डॉ चेतन गांधी, डॉ स्वर्णदीप, डॉ अभिनव कुशवाहा, डॉ राहुल तांगड़ी, डॉ विनय पटेल, डॉ पीयूष वैश्य, डॉ वरुण गुप्ता, डॉ सिद्धार्थ पांडेय, डॉ अनिमेष सिंह, डॉ अनन्या सिंह, डॉ नाजिया कदीर, डॉ अमिताभ गोयल, मोहम्मद एजाज आदि उपस्थित रहे ।

# बढ़ी हुई डीजल की दरें किसानों की कमर तोड़ रही हैः अशफाक

## जनता एकजुटता हो कर कांग्रेस का हाथ मजबूत करें तभी अमन चौन हो सकेगा

संवाददाता



प्रयागराज। कांग्रेस पार्टी के गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बहादुरपुर ब्लॉक के बेरी पट्टीसाल में कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें अहमद ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में चारों ओर अराजकता, महंगाई, बेरोजगारी,से जनता त्रस्त है ।जनता बेहाल,परेशान है ।बच्चों की बड़ी हुई फीस के दामों से अभिभावक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बढ़ी हुई डीजल पेट्रोल की कीमतों के कारण किसान बेहाल है। किसानों का समर्थन मूल्य निर्धारित नही किया जा रहा है ।जिससे किसानों की लागत भी नहीं मिल पा रही है। बिजली और डीजल की बढ़ी हुई दरें किसानों की कमर तोड़ दे रही है। भाजपा सरकार हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद धर्म संप्रदाय के झगड़े में जनता को उलझा कर जनता का शोषण कर रही है ।जब तक भाजपा सरकार को सत्ता से हटा नहीं दिया जाएगा तब तक लोग बदहाली का शिकार होते रहेंगे ।अब वक्त आ गया है ।कि जनता एकजुट होकर कांग्रेस का हाथ मजबूत करें तभी सुख शांति और अमन कायम हो सकेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, भोलानाथ तिवारी, अजीत भारतीय, भीम मिश्रा, दिनेश भारतीया, मोहम्मद सददाम, हरिभान सिंह सिंगरौर, अरविन्द कुमार, ज्ञान प्रकाश मौर्या, शशिकान्त कुशवाहा,जय प्रकाश भारतीय, सीलवन्त कुमार भारतीय, आदि लोग उपस्थित रहे।

# करंट से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दु:ख का पहाड़

संवाददाता, बांदा। जिले के नरैनी तहसील के ग्राम नौगवां में एक दु:खद घटना घटित हुई। 40 वर्षीय मुकेश नामक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मुकेश हैदराबाद में स्टोन पोलिश का काम करता था। मुकेश शनिवार शाम को अपने काम से किराये के कमरे की ओर पैदल लौट रहा था। इसी दौरान काँटेदान रोड मैराल देव पल्ली पुलिस स्टेशन के पास सड़क पर पड़े एक तार पर उसका पैर पड़ गया, जिसमें करंट था। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुकेश की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया आज रविवार को मुकेश का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गाँव नौगवां मे होगा। मुकेश की मौत से उसके परिवार पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है। उसके परिवार में पत्नी रेखा और 10 साल का बेटा प्रशांत है। रेखा का रो-रोकर बुरा हाल है। मुकेश के परिवार में उसके माता-पिता और दो भाई-बहन भी हैं, जिनकी पहले ही शादी हो चुकी है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मुकेश बहुत ही मेहनती और ईमानदार व्यक्ति था। मुकेश अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ेगा। परिवार को अब अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। मुकेश की पत्नी रेखा ने बताया कि अब उनके परिवार का क्या होगा, यह सोचकर वह बहुत परेशान हैं। मुकेश के परिवार ने प्रशासन से न्याय की अपील की है।

# युवक फैजबाग चौराहे के निकट विश्रमग्रह के पास मिला बेहोशी हालत पड़ा मिला

संवाददाता शमसाबाद। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बरतल निवासी मोहित कुमार शनिवार की सुबह फैज बाग चौराहे के निकट स्थित यात्री विश्रामगृह मैं बेहोश हालत में पड़ा मिला। सुबह टहलने वाले लोगों को दिखाई पड़ा। इसकी सूचना पुलिस को दी। उसकी हालत खराब थी। इसको देखने वालों की भारी भीड़ लग गई। पुलिस को इसके नाम की जानकारी सुबह 9रू00 बजे को हुई। सूचना पर मोहित के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार मोहित हरियाणा में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह बीती रात को हरियाणा से दिल्ली आनंद विहार आया। और वह रोडवेज बस से घर आ रहा था। अलीगढ़ के पास रास्ते में उसे जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने नशीला पदार्थ सुघा दिया तथा उसके पास हजारों रुपए की नगदी एवं मोबाइल था। उसे भी ले गए। समाचार लिखे जाने तक वह बेहोश हालत में था। परिजन उसे घर ले गए।

# निरीक्षण में मिली खामियां -सीएमओ ने जताई नाराजी, शीघ्र सुधार करने का दिया निर्देश

संवाददाता, कायमगंज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनेंद्र कुमार ने कायमगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमीन पर बैठे तीमारदारों को देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। ड्यूटी बोर्ड पर कर्मचारियों के नाम न होने पर उन्होंने अधीक्षक को तत्काल नाम अंकित कराने का निर्देश दिया। साथ ही शौचालय में गंदगी देखकर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताई और साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए। गर्मी और लू से बचाव के लिए बनाए गए कोल्ड रूम का भी उन्होंने निरीक्षण किया। कूलर और अन्य व्यवस्थाओं को देख कर उन्होंने अधीक्षक को सही ढंग से व्यवस्था करने के निर्देश दिए। लू से संबंधित दवाओं की जांच के दौरान अधीक्षक ने बताया कि ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था है। अग्निशमन सिलेंडर भी मौजूद मिला। सीएमओ ने वायरिंग की स्थिति भी जांची। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। साथ ही जागरूकता पंपलेट और ओआरएस भी वितरित किए जा रहे हैं। सीएमओ ने कहा कि मई के अंत तक सीएचसी में अल्ट्रासाउंड जांच शुरू होने की पूरी संभावना है। इसके लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और लखनऊ से नई मशीन आने वाली है। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन को सुचारू रूप से संचालित कर सेवायें देने के लिए यहां पहले से ही डॉक्टर नियुक्त है।

# उपचार को लाया गया दिव्यांग शौचालय में मिला बेहोश, किया रेफर कुछ समय बाद थम गई उसकी सांसें

संवाददाता, कायमगंज। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव गौरखेड़ा निवासी दिव्यांग राजीव जोशी को गंभीर हालत में परिजन सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे । भर्ती होने पर उसका डॉ0 विपिन सिंह ने प्राथमिक शुरू कर दिया था । उसी समय राजीव पेशाब करने के लिए वहीं निकट स्थित शौचालय में गया और अंदर से कुंडी लगाकर पेशाव करने बैठ गया। कुछ देर बाद अंदर से तेज धमाके की आवाज आई। परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। स्वास्थ्यकर्मी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा गया तो राजीव बेहोश मिला। उसे बेड पर लिटाकर ऑक्सीजन दी गई। डॉक्टर ने पल्स रेट कम होने पर उसे उच्च चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया। परिजन राजीव को ई-रिक्शा से वाहर ले जाने के लिए वाहन की तलाश में ट्रांसपोर्ट की ओर ले गए। वहीं किसी रिश्तेदार का इंतजार कर रहे थे । इसी बीच राजीव की मौत हो गई। सूचना पाकर कंपिल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल भिजवाया। मृतक की भाभी पुष्पा ने गांव के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले इन युवकों ने राजीव पर लाठी-डंडों से हमला किया था। जिसकी शिकायत सिवारा चौकी पर की गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई सहायता नहीं की। उल्टा शिकायत करने पर चौकी से भगा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने घूस लेकर आरोपियों से समझौता करवा दिया था। उन्होंने कहा कि इन्हीं युवकों की मारपीट से आहत होने से राजीव की मौत हो गई है । राजीव तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अपने विधवा भाभी व भाई के साथ रह रहा था। माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। इस संबंध में सिवारा पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार का कहना है कि मृतक शराब का आदी था और कुछ युवकों से उसका विवाद हुआ था। महिला रात में आई होंगी, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी और कोई लिखित शिकायत भी नहीं दी गई।

# फर्नीचर शोरूम में आग लगी, हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी से हुआ हादसा, एक घंटे में पाया काबू

संवाददाता, नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित गौर सिटी-2 में एक फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। गुरुद्वारे के पास स्थित टीन शेड वाली इस दुकान में लगी आग इतनी तेज थी कि पास की शराब की दुकान तक फैल गई। दमकल विभाग को सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर टीम ने एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के अनुसार, दुकान हाई टेंशन लाइन के नीचे स्थित थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण आग लगी। घटना के समय मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। यह एक व्यस्त बाजार क्षेत्र है, जहां कई दुकानें मौजूद हैं। हालांकि, दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना टल गई। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यह घटना भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

# घर में लगी आग, एसी में शार्ट सर्किट से हुआ हादसा, परिवार ने छत पर जाकर बचाई जान

संवाददाता, नोएडा। नोएडा के सेक्टर 46 में सोमवार तड़के करीब 4.30 बजे एक मकान के दूसरी मंजिल पर आग लग गई। एसी में शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरे कमरे में फैल गई। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार, आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कमरे में सो रहे लोगों को आग का पता चलते ही वे तुरंत छत पर चले गए। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। कमरे के बाहर लगे एसी से शुरू हुई आग की सटीक वजह की जांच की जा रही है।

# सम्पादकीय

## वन्य जीवन पर संकट

किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे यह पंक्ति सुनने में भले ही काव्यात्मक लगे, लेकिन इसके पीछे छिपा दर्द, पीड़ा और चेतावनी आज के तथाकथित विकास के मॉडल पर करारी चोट करती है। जब हम हैदराबाद के जंगलों की कटाई और अंधाधुंध शहरी विस्तार की तरफदेखते हैं, तो यह सवाल और भी प्रासंगिक हो जाता हैरू क्या हम सचमुच बसा रहे हैं, या उजाड़ने की प्रक्रिया को ही ष्विकासष् कहकर महिमामंडित कर रहे हैं? हैदराबाद का खजागुड़ा रिजर्व फॉरेस्ट, जो कभी वन्य जीवन, जैव विविधता और स्थानीय समुदायों के लिए एक सुरक्षित आश्रय था, अब क्रेनों और बुलडोजरों की चपेट में है। वहाँ अब पेड़ों की जगह कंक्रीट खड़े हो रहे हैं, और पक्षियों की चहचहाहट की जगह मशीनों की कराह सुनाई देती है। यह केवल एक क्षेत्र की बात नहीं, बल्कि पूरे भारत में फैली उस प्रवृत्ति का प्रतिबिंब है जहाँ प्रकृति के मूल तत्वों को मिटाकर गगनचुंबी इमारतों को प्रगति का प्रतीक माना जाने लगा है। यह सच है कि शहरीकरण आवश्यक है। बढ़ती आबादी, रोजगार के अवसर और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सुविधाओं की जरूरत होती है। परंतु जब यह विकास जंगलों की आहुति लेकर आता है, जब हजारों पेड़ कटते हैं और वन्यजीव बेघर हो जाते हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यह प्रगति है या प्रकृति का सुनियोजित विनाश? विकास की परिभाषा ऐसी होनी चाहिए जिसमें संतुलन हो। पर्यावरणीय स्थिरता के बिना कोई भी विकास दीर्घकालिक नहीं होता। लेकिन अफसोस कि हमारे नीति-निर्माता और निजी कंपनियाँ अक्सर अल्पकालिक लाभ को ही प्राथमिकता देते हैं। हम यह भूल रहे हैं कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं होते। वे पारिस्थितिकीय तंत्र का आधार होते हैं। वे न केवल ऑक्सीजन का स्रोत हैं, बल्कि वर्षा, तापमान नियंत्रण, भूजल संरक्षण और जैव विविधता के लिए अपरिहार्य हैं। जब हम जंगल काटते हैं, तो हम केवल हरियाली नहीं मिटाते, हम अपनी साँसों, अपने पानी, अपने मौसम और अपने जीवन के आधार को भी खो देते हैं। हैदराबाद जैसे शहर, जहाँ पहले से ही गर्मी की तीव्रता और जल संकट बढ़ रहा है, वहाँ जंगलों का समाप्त होना खतरे की घंटी है। यूँ समझिए, कि हम अपने हाथों से अपनी ही कब्र खोद रहे हैं। जंगलों की कटाई केवल पेड़ों पर नहीं, वहाँ रहने वाले असंख्य जीवों पर भी अत्याचार है। खजागुड़ा हो या आरावली, जंगलों में हो रहे निर्माण कार्यों के कारण जानवर अपने प्राकृतिक आवास से बेदखल हो रहे हैं। यही कारण है कि आजकल शहरों में तेंदुए, साँप, या सूअर देखे जाने की घटनाएँ आम होती जा रही हैं। क्योंकि हमने उनका घर छीना, अब वे हमारे बीच भटक रहे हैं। यहाँ सबसे बड़ा सवाल न्याय का है। जब कोई आम नागरिक एक पेड़ काटता है, तो उसके खिलाफकेस दर्ज होता है। लेकिन जब कोई कंपनी या सरकार हजारों पेड़ काटती है, तो उसे विकास परियोजना कहकर उसका स्वागत किया जाता है। यह कैसा न्याय है जो बड़े लोगों की भूलों को 'नीति' और छोटे लोगों की भूलों को 'अपराध' मानता है? सौभाग्यवश, इस विनाश के विरुद्ध आवाजें उठ रही हैं।

-विजय शंकर शार्मा

## गरीब एवं अज्ञानी की सेवा करना प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति का फर्ज

**डॉ नन्द किशोर साह**

भारत को लोकतांत्रिक एवं प्रगतिशील संविधान देने वाले महामानव, समतामूलक समाज के प्रणेता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमें भेदभाव से उठकर मनुष्यता को समग्रता से अपनाने की सीख दी है। उन्होंने कहा था कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राथमिक शिक्षा की नींव को मजबूत करना होगा। इसके बाद उच्च शिक्षा में स्वत: सुधार हो जाएगा। हमारे सामाजिक दुखों पर शिक्षा ही एकमात्र औषधि है। अपने गरीब एवं अज्ञानी भाइयों की सेवा करना प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति का फर्ज है। कोई तुम्हें अधिकार देने नहीं आएगा, इसके लिए खुद लड़ों और छीन लो। हजार तलवारों से ज्यादा ताकत एक कलम मे होती है। शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो इसे पियेगा वह गुर्रायेगा। शिक्षित बनों, संगठित रहो, संघर्ष करो। अपना दीपक स्वयं बनों। वे सामाजिक क्रांति के संघर्षशील अग्रदूत थे। उन्होंने भारतीय समाज को परिवर्तित करने हेतु अतुलनीय कार्य किया। भगवान बुद्ध, संत कबीर, महात्मा फुले जैसी महान आत्माओं के पदचिन्हों को ध्येय मार्ग मानकर सामाजिक क्रांति के उद्बोधक व पोषक डॉ. अम्बेडकर का व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार बहुआयामी है। भारतीय राष्ट्रीय राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू पर उनकी पैनी दृष्टि रही है और उन्होंने इसे प्रभावित भी किया है। एक निष्ठ कर्मयोगी की भांति भारत रत्न बाबा साहेब ने मृत्यु पर्यन्त भारतीय समाज को परिवर्तित करने का अतुलनीय कार्य किया है। उनका कर्मयोग, संघर्ष एवं सुधारवाद आत्म सम्मान का प्रतीक है। उनके चिन्तन में दलित, शोषित, वंचित समाज से संबंधित प्रश्न सदैव ही प्रमुखता में रहे। बाबा साहेब अपने समकालिक लोगों में सर्वाधिक शिक्षित व्यक्ति थे। उन्होंने कठोर परिश्रम से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। परन्तु जीवन के प्रारम्भिक वर्षों से ही उन्होंने समाज में व्याप्त अमानवीय कुरीतियों, छूआछूत, विभेद, तिरस्कार और जातिगत आधार पर उपेक्षा और अपमान की स्थितियों को स्वयं भोगा था। डॉ. अम्बेडकर का मानना था कि व्यक्तिगत स्वार्थ राष्ट्र की तुलना में सदैव पीछे रहना चाहिए। इसलिए उन्होंने बहुत स्पष्टता के साथ कहा है, श्इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि मैं अपने देश को बहुत प्यार करता हूं। मेरे अपने हित और देश के हित के साथ टकराव होगा तो मैं अपने देश को सदैव प्राथमिकता दूंगा। विषमताओं और सदियों से संघर्षरत अम्बेडकर को अनेकानेक स्वार्थी राजनीतिकों ने अपनी क्षुद्र राजनीति में कैद कर दिया। संविधान निर्माण का सारा भार अकेले डॉ भीमराव आंबेडकर को ही उठाना पड़ा। इससे आंबेडकर की कर्मठता प्रमाणित होती है। यह बताने की जरूरत नहीं। आंबेडकर ने देखा था कि उपेक्षा से बचने के लिए अस्पृश्य समाज तरह-तरह से अपने नाम बदलकर अपनी जाति छिपाने का प्रयास करता है। अंबेडकर ने कहा कि इस तरह नाम बदलने की अपेक्षा धर्म बदलना अधिक सम्मानजनक है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व इतना विशाल एवं बहुआयामी है कि उसे एक लेख में समेटना संभव नहीं है इसलिए कुछ अन्य उपयोगी राष्ट्र निर्माण में सहायक विषयों का सांकेतिक उल्लेख ही संभव है, लेकिन राष्ट्रवाद के परिप्रेक्ष्य में इनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता।

चर्चित राजनीति

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

कार्यालय डी-206,सी, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

क्लासीफाइड्स

अपने साधारण व्यवसायिक वर्गीकरण विज्ञापन को क्लासीफाइड डिस्पले में आकर्षक डिजाइन के साथ प्रकाशित करवाएं

न्यूनतम साइज 4 सेमी X 3 सेमी

अधिकतम साइज 25 सेमी X 3 सेमी

दर- रु. 70रु/- प्रति स्क्वॉयर सेमी

क्लासीफाइडस विज्ञापन पर विशेष ऑफर

स्कीम 2+1, 3+2, 5+5, 10+12, 12+20

300 रू. 25 शब्दों तक, ऑफर 8 रु. प्रति शब्द अतिरिक्त 50 शब्द अधिकतम, वर्गीकरण डिस्पले 70 रु. प्रति स्क्वॉयर सेमी

शर्तें-विज्ञापन सर्वेक्षण नगद भुगतान पर एक साथ बुक कराना अनिवार्य है। विज्ञापन संबंधित कॉलम में ही प्रकाशित होंगे।

क्लासीफाइडस बुकिंग से संबंधित जानकारी हेतु सम्पर्क करें:- फोन नं0-0522-4075237

# धरती तप रही है, पर हमारे माथे पर शिकन तक नहीं !

**डॉ. राजाराम त्रिपाठी**



कैलेंडर के पलटते के पन्नों के साथ ही भारत शनै शनै तापमान की भट्टी नहीं, एक चलती-फिरती रोटिसरी में बदल चुका है, जिसमें आम आदमी ही नहीं, संविधान, विकास और लोकतंत्र तक उल्टे लटकाए जा चुके हैंकृधीमी आंच पर, हीटवेव की चुपचाप सुलगती आग में। 'विकास' की हमारी गगनचुंबी गाथाएं अब धुएं में लिपटी लाशें बन चुकी हैं, जिन्हें हर साल तापमान के रजिस्टर में दर्ज किया जाता हैकृ भुज के 44.5 डिग्री के रूप में, तो कभी राजस्थान के 45 डिग्री के ताप-यज्ञ में आहुति देते हुए। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल-जून के बीच उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से 5 से 8 गुना ज्यादा हीटवेव के दिन देखने को मिल सकते हैं। दिल्ली का पारा जब बसंत के अंतिम दौर में ही 42 डिग्री को चूम रहा हो और गांवों में बिजली 4 घंटे की भी न मिल रही हो, तब यह सिर्फ मौसम नहीं बिगड़ रहाकृयह पूरी व्यवस्था की पोल खोल रही है।

धर्मो रक्षति रक्षित: के लगातार रटंत के बावजूद परंतु हमने न तो धर्म को बचाया, न ही प्रकृति को। और अब दोनों ही बदले की मुद्रा में खड़े हैं। यह कोई साधारण गर्मी नहीं है, यह ग्लोबल वार्मिंग के उस फुफकारते नाग का पहला विष है, जिसे हमने खुद अपने औद्योगिक लालच से, जंगलों की कटाई से, और मुनाफाखोर विकास के नाम पर जल-जंगल-जमीन का चीरहरण कर बुलाया है। 2024 का साल भारत के इतिहास में 1901 के बाद का सबसे गर्म साल था। लेकिन यह केवल एक आँकड़ा नहीं है, यह एक अशुभ संकेत है। इस बार मार्च में ही कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। और अब अप्रैल में मौसम विभाग साफकह रहा है कि अगले एक सप्ताह में उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में तापमान 3-4 डिग्री तक बढ़ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ की थोड़ी-बहुत फुहार राहत नहीं, भ्रम है। भारत जैसे देश, जिसकी रीढ़ आज भी खेती है, और खेती का आधार आज भी वर्षा है, और वर्षा का आधार पर्यावरणीय संतुलन हैकृवह देश आज सबसे अधिक संकट में है। फसलें समय से पहले सूख रही हैं, या समय से पहले पक रही हैं। यह सिर्फउत्पादन नहीं घटा रहा, यह किसानों की उम्मीदें, आत्माएं और भविष्य को भी राख में बदल रहा है। गर्मी जितनी बढ़ रही है, बीज उतने ही कमजोर हो रहे हैं, मिट्टी की नमी चुराई जा रही है, और सिंचाई की लागत आसमान छू रही है। एक ओर हीटवेव की मार, दूसरी ओर बिजली की मांग में 9-10: की बढ़ोतरी। ग्रिड की क्षमता जवाब दे रही है, ट्रांसफॉर्मर पिघल रहे हैं, और गाँवों में बिजली की आँखमिचौली बढ़ रही है। और ये सब तब हो रहा है जब हम केवल अप्रैल की दहलीज पर खड़े हैं। मई-जून का दावानल तो अभी बाकी हैं। महात्मा गांधी की यह बात आज सत्य से भी आगे की प्रतीति देती है। हमने जरूरत की सीमाएं पार कर लालच की सुरंग में घुसपैठ की है, जहाँ से न प्रकृति को छोड़ा गया, न जल को, न जंगल को। परिणामस्वरूप अब नदियाँ सूख रही हैं, पहाड़ दरक रहे हैं, और ग्लेशियरों का रोना हमें सुनाई नहीं, दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा असर उन वर्गों पर पड़ता है जो सबसे कम इसके लिए जिम्मेदार हैंकृहमारे आदिवासी, हमारे किसान, हमारे मजदूर। इनका कार्बन फुटप्रिंट न्यूनतम है, लेकिन असर अधिकतम। और इन आदिवासियों में भी, बस्तर के अबुझमाड़ के घने जंगलों में हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ ताने-बाने की तरह जुड़े श्बायसन हार्न माड़िया जनजाति का उदाहरण देना अत्यंत प्रासंगिक है। इनका जीवन दर्शन ही सहजीवन पर आधारित है। इनके सारे पर्व, त्यौहार, शादी-ब्याह, मृत्यु संस्कारकृसब कुछ प्रकृति के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। कोई भी पर्व पेड़ की पत्ती के बिना नहीं होता, कोई विवाह तब तक नहीं होता जब तक वर और वधू दोनों मिलकर गांव के वनों में एक पवित्र पेड़ की पूजा न कर लें। मृत्यु पर ये लोग वृक्षारोपण करते हैं, क्योंकि उनके अनुसार जीवन और मृत्यु एक ही चक्र की दो छायाएँ हैं, जो पेड़ों की जड़ों में समाहित रहती हैं। इनके प्रमुख उत्सव जैसे ष्माड़ी परबष, ष्लोगा परबष, या ष्बीज पोंडूमष् सीधे बीज, मिट्टी, वर्षा और वनों के सम्मान से जुड़े होते हैं। इनकी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली भी वनस्पतियों पर आधारित है, जिसमें हर पौधे को श्देवता माना जाता है। इनकी दुनिया में बाजार नहीं, बोधन हैय भोग नहीं, भक्ति हैय और उपभोग नहीं, उपासना है। आज की तथाकथित उपभोक्तावादी और बाजारवादी सभ्यता, जो हर चीज को श्उत्पाद और हर व्यक्ति को श्उपभोक्ता में बदल चुकी है, इन अबुझमाड़ के बायसन हार्न माड़िया लोगों के सामने खड़े होकर जैसे आईना देखती है एक ऐसा आईना जो उसकी आत्मा का विकृत चेहरा दिखा देता है। पश्चिम की पर्यावरण वेदों में से प्च्ब्ब् पर्यावरण परिवर्तन पर बनी अंतरराष्ट्रीय कमेटी की रिपोर्ट साफकहती है कि अगर वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर गया, तो मौसम की चरम घटनाएं जैसे हीटवेव, बाढ़, सूखा, और समुद्री तूफान मानव सभ्यता के लिए सामान्य हो जाएंगी। और हम उस रेखा को पार करने के एकदम करीब हैं। भारत की राजनीति, जो हर साल चुनावी तापमान में उलझी रहती है, जलवायु के इस बढ़ते तापमान पर अब भी मौन है। घोषणाएं होती हैं, योजनाएं बनती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में न तो वनवासी बचते हैं, न वन। पर्यावरण बजट में कटौती कर, और कंक्रीट के शहरों को जंगलों के बीच खड़ा कर हम किस विकास की बात करते हैं? यह विकास नहीं, विनाश का ब्लूप्रिंट है। अब प्रश्न यह है कि इसका समाधान क्या है? उत्तर एक ही हैकृवापसी। वापसी उस जीवन पद्धति की ओर, जो सदियों से इस धरती को पालती आई है। हमारे आदिवासी समाज, विशेषकर अबुझमाड़ के माड़िया लोग, जिन्होंने बिना कागजी डिग्रियों के जल-जंगल-जमीन के साथ समरसता में जीवन जिया, आज उनके पास ही वह समाधान है जो विज्ञान नहीं दे पा रहा। उनके परंपरागत बीज, वर्षा आधारित खेती, साझा संसाधन व्यवस्था, और सबसे बड़ी बातकृप्रकृति के प्रति श्रद्धाकृयही है हमारी अंतिम आशा। संस्कृत में कहा गया है येन पर्यावरणं रक्षितं तेन जीवनं रक्षितं। जिसने पर्यावरण की रक्षा की, उसने जीवन की रक्षा की। लेकिन हमने आधुनिकता के नाम पर वह हर चीज नष्ट की जो जीवन की रक्षा करती थी। छायादार वृक्ष काट डाले, नदी की धार को बांध डाला, हवा को जहर बना डाला। अब परिणाम भुगतने का समय है। हमारे पास समय हैकृइनज वदसल रनेज. यानी कि बहुत ही कम, क्योंकि उल्टी गिनती चालू हो चुकी है। हमें नीतिगत बदलाव लाने होंगे, खेती के तरीकों को पारंपरिक और जैविक दिशा में मोड़ना होगा, जनजातीय ज्ञान को मुख्यधारा में लाना होगा, और सबसे जरूरीकृप्रकृति से पुनः संवाद स्थापित करना होगा। अंतत:, यह लड़ाई किसी एक सरकार, एक देश या एक संगठन की नहीं हैकृयह हर मनुष्य की है। क्योंकि अगर वातावरण को हमने न बचाया, तो यह वातावरण हमें नहीं छोड़ेगा। और उस दिन कोई विकास, कोई तकनीक, और कोई सत्ता हमारी रक्षा नहीं कर सकेगी। हमें प्रकृति के साथ नहीं, प्रकृति की तरह जीना सीखना होगा। यही एकमात्र विकल्प है। और विकल्प जब एक ही हो, तो निर्णय स्पष्ट होता है। अब भी वक्त है। नहीं तो अगली गर्मी शायद आखिरी चेतावनी न होकर अंतिम प्रलय बन जाएगी।

# योगी राज में सर्वांगीण विकास के पथ पर तेजी से अग्रसित होता प्रदेश

**दीपक कुमार त्यागी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की देश व दुनिया में कई दशकों के बाद एक बार फिर से सकारात्मक छवि बनने लगी है। लोगों व निवेशकों को योगी सरकार की धार्मिक पर्यटन, धर्म-संस्कृति, परंपरा व विरासत आदि को संजोकर के उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास करने की रणनीति अब पसंद खूब आ रही है। यूपी में भ्रष्टाचारियों, अपराधियों व माफियाओं पर योगी सरकार की श्जीरो टॉलरेंस नीतिश् होने के चलते देश व दुनिया के निवेशक अब उत्तर प्रदेश में अपनी गाढ़ी कमाई एकबार फिर से लगाने लगा है, जिस कमाई के दम पर भविष्य में राज्य के लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 मार्च 2025 को अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार आठ वर्ष तक कार्य करने का एक नया कीर्तिमान बना दिया हैं। सख्त, ईमानदार व एक विजनरी प्रशासक वाली कार्यशैली के दम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश व देश के साथ-साथ पार्टी में भी एक भरोसेमंद ब्रांड बनकर के स्थापित हो गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का आलम यह हो गया है कि एक तरफतो देश के हर राज्य के चुनावों में प्रचार के लिए योगी आदित्यनाथ की मांग निरंतर होती है, वहीं दूसरी तरफ अब योगी की कार्यशैली के देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी आये दिन चर्चाएं होती रहती हैं। वैसे भी जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों के अपने शासन के दौरान उत्तर प्रदेश के शासन व पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में जबरदस्त ढंग से सुधार करते हुए, दशकों से सरकारी तंत्र की तरह-तरह के हस्तक्षेप, माफियागिरी, भ्रष्टाचार व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते कुंद हो चुकी धार को तेज करते हुए, उसे आम जनमानस व देश के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करने का कार्य बखूबी किया है, जोकि बेहद ही काबिले-तारीफहै और जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से शासन व पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली में आये सकारात्मक बदलाव के रूप में राज्य के आम जनमानस को नजर आने लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दमदार ढंग से सत्ता में आठ वर्ष का अपना लंबा कार्यकाल 25 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जोकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के नाम पर एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि इतिहास में दर्ज हो गयी है। देश के हर कोने में योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली के बड़ी संख्या में आम व खास लोग प्रसंशक होते जा रहे हैं। शानदार कार्यशैली के दम पर अपने प्रथम कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश व दुनिया में श्बुलडोजर बाबाश् के नाम से मशहूर हो गए थे। उनके बुलडोजर ने उत्तर प्रदेश के बड़े से बड़े माफियाओं की सल्तनत को ध्वस्त करने का कार्य बेखौफ होकर के किया है, आज देश के अधिकांश राज्य अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की नकल करने में लगे हुए हैं, जो उनकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। नियम-कायदे व कानून पसंद देशभक्त देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए योगी आदित्यनाथ के प्रथम कार्यकाल की तरह ही दूसरे कार्यकाल से भी लोगों को बहुत ही ज्यादा उम्मीदें थीं। जिस पर जनता की अदालत में योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में भी पूरी तरह से खरे उतरते नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों ने अब उत्तर प्रदेश को एक बीमारू राज्य की श्रेणी से निकल कर के देश में दूसरे पायदान पर लाकर के खड़ा कर दिया है, जो योगी आदित्यनाथ सरकार की बड़ी उपलब्धि है। जो लोग यूपी की अर्थव्यवस्था को श्वन ट्रिलियन इकनॉमीश् करके देश में विकास की अग्रणी पंक्ति पर स्थापित होता देखना चाहते हैं, योगी आदित्यनाथ उन लोगों के सपने को जल्द से जल्द ही धरातल पर सरकार करने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं और वर्ष 2029 तक उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने की समय सीमा भी तय कर रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह भी अच्छे से जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल्द से जल्द देश की अर्थव्यवस्था को श्फाईव ट्रिलियन इकनॉमीश् की बनते हुए देखने का जो सपना देखा हैं, इस सपने को पूरा करने का रास्ता उत्तर प्रदेश की गलियों से होकर ही गुजरता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अच्छे से जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में जितनी तेजी से सभी क्षेत्रों का बिना किसी भेदभाव के विकास होगा, उतनी ही तेजी के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था के श्फाईव ट्रिलियन इकनॉमीश् बनने का भी रास्ता साफहोगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देश के देशभक्त आम जनमानस का सपना भी धरातल पर साकार होता नजर आयेगा। वैसे भौगोलिक रूप से देखा जाए तो उत्तर प्रदेश एक बहुत बड़े क्षेत्रीय विस्तार वाला राज्य है, जिसके चलते पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए उत्तर प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास के लिए योजनाएं बना कर, उन्हें तेजी से धरातल पर अमलीजामा पहनाने का कार्य बखूबी किया है। धरातल पर जाकर के देखें तो उत्तर प्रदेश में सर्वांगीण विकास को तेज गति देने वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण कार्य योगी राज में बहुत ही तेजी से जगह-जगह चल रहा है। प्रदेश के गांव, कस्बे व शहरों के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार धरातल पर निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश की ताक़त उसकी एकजुटता में है, जिसके चलते ही उत्तर प्रदेश के चारों हिस्से पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांव, कस्बों व शहरों में बड़े पैमाने पर विकास का एक पूरा सशक्त आधारभूत ढांचा योगी राज में तैयार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में अब योगी के प्रयासों से ही डबल इंजन की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के मार्ग, सड़क मार्ग, हाईवे, एक्सप्रेस-वे, रेल, मेट्रो, एयरपोर्ट, रेपिड रेल, जल मार्ग, डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, औधोगिक क्षेत्र, राज्य में दूर दराज के गांव तक भी इंटरनेट, अत्याधुनिक कोल्डस्टोरेज की सुविधा, श्वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्टश् आदि के सपने को धरातल पर मूर्त रूप दिया है। वहीं योगी आदित्यनाथ ने देश व दुनिया में बसे करोड़ों सनातन धर्म के अनुयायियों के धार्मिक पर्यटन के उद्देश्य से राम मंदिर निर्माण, अयोध्या, काशी व मथुरा का विकास, प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में विश्व स्तरीय अत्याधुनिक महाकुंभ नगरी का निर्माण करके लगभग 66 करोड़ से अधिक लोगों को संगम पर स्नान करा कर के, उत्तर प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को तरक्की के पंख लगा कर के राज्य में विकास के नये आयाम स्थापित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में भयमुक्त माहौल बनाने के लिए पूरे प्रदेश में ही बेहद सख्त व प्रभावी क़दम उठाए हैं। उनकी सख्ती के चलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस ने योगी सरकार के पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल में माफिया व अपराधियों की कमर तोड़ने का कार्य बखूबी से किया है। योगी सरकार ने राज्य में 222 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराने कार्य किया है। मुठभेड़ के दौरान 8,118 अपराधी घायल हुए हैं। वहीं आम जनमानस में खौफपैदा करने वाले 79,984 खतरनाक अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं योगी आदित्यनाथ सरकार ने वर्ष 2017 से वर्ष दिसंबर 2024 तक चिन्हित 68 माफियाओं के लंबित मुकदमों में प्रभावी पैरवी करते हुए 73 अभियोगों में 31 माफियाओं और 74 सह अपराधियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा दिलवाने का कार्य भी किया है और दो अपराधियों को सजा ए मौत फांसी भी सुनाई गई है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह रणनीति उत्तर प्रदेश में भयमुक्त माहौल बनाने के सपने को धरातल पर साकार करने का कार्य करती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले लोगों को समय से रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा व चिकित्सा आदि जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना, किसी भी सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। क्योंकि उसको पूरा करने के लिए सरकार में बैठे लोगों के बेहतरीन विजन व राजकोष में अथाह धन की आवश्यकता होती है, जिस जिम्मेदारी को योगी सरकार ने बखूबी संभालने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए अच्छी बात यह है कि योगी राज में यूपी बीमारू राज्यों की श्रेणी से बाहर आ गया है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार व अपराध योगी राज में कम होने के चलते, यूपी फिर से देश व दुनिया के निवेशकों की पसंद बनने लगा है, योगी की नीतियों से यूपी सरकार की खाली झोली अब खजाने से भरने लगी है। योगी सरकार की नीतियों व सहयोगात्मक रवैये के चलते राज्य में अब बहुत बड़े पैमाने पर देश व दुनिया से निवेश आना शुरू हो गया है। राज्य में औधोगिक विकास एक बार फिर से तेज गति पकड़ने लगा है। कुछ सरकारी आंकड़ों की बात करें तो योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली व नीतियों के चलते ही योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में ही उत्तर प्रदेश ईज ऑफडूइंग बिजनेस की राष्ट्रीय रैंकिंग में 12 पायदान से ऊपर उठकर 2 नंबर पर आ गया था। राज्य सरकार ने निवेशकों की सुविधा के लिए निवेश मित्र पोर्टल की शुरुआत करने का कार्य किया है, प्रदेश के 43 विभागों की 487 से अधिक महत्वपूर्ण सेवाएं ऑनलाइन कर दी गयी हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन करवा रही है। राज्य में अकेले एमएसएमई सेक्टर में ही 90 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, निर्यात का आंकड़ा 2 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। जो स्थिति यूपी के सर्वांगीण विकास व औद्योगिक विकास की रफ्तार के दृष्टिकोण से एक बहुत ही अच्छा संकेत है। जिसके चलते ही योगी सरकार में 45 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव अभी तक आ चुके हैं, जिसमें से 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश अभी तक धरातल पर मूर्त रूप ले चुका है।

# जड़ों की ओर वापसी

**राज खन्ना**

1977 की जीत का जोश जल्दी ही ठंडा पड़ गया। इमरजेंसी के विरोध में वजूद में आई जनता पार्टी के घटक इंदिरा गांधी के पतन के साथ फिर से अपनी पुरानी पहचान को लेकर सजग हो गए। सरकार से संगठन तक जनता पार्टी आपसी उठापटक से जूझ रही थी। 28 महीने के भीतर मोरारजी सरकार का पतन हो गया।1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए मुकाबला आसान हो गया। जनता पार्टी लोकसभा की सिर्फ32 सीटों पर सिमट गई। पराजय की हताशा के बीच बची - खुची जनता पार्टी में दोहरी सदस्यता का विवाद फिर जोर - शोर से उभरा। जनसंघ निशाने पर थी। संघ या जनता पार्टी में उसे एक को चुनना था। जड़ों की ओर वापसी के अलावा कोई रास्ता शेष नहीं था। हालांकि जनसंघ ने इस बार पुराना नाम छोड़ा और नया नाम भारतीय जनता पार्टी स्वीकार किया। पार्टी के विस्तार और संघ से इतर वर्गों में स्वीकार्यता के लिए गांधीवादी समाजवाद का रास्ता अपनाया। लेकिन 1984 के नतीजों ने उसे फिर से पुरानी राह पर नई कोशिशों के साथ जुट जाने के लिए मजबूर कर दिया। दोहरी सदस्यता का विवाद चुनाव बाद भी नहीं थमा जनता पार्टी की टूट की अनेक वजहों में दोहरी सदस्यता का विवाद भी शामिल था। चौधरी चरण सिंह की अगुवाई में सोशलिस्ट अलग राह पकड़ चुके थे। लेकिन उनके पार्टी से अलग होने के बाद भी यह विवाद नहीं थमा। जनता पार्टी ने 1980 का लोकसभा चुनाव बाबू जगजीवनराम के चेहरे को आगे करके लड़ा था। पार्टी बुरी तरह हारी। सिर्फ32 सीटों पर जीत मिली। इसमें 19 जनसंघ के थे। हार ने जनता पार्टी की कलह को और तेज किया। जगजीवन राम और समर्थकों ने जनसंघ घटक के लोगों से जनता पार्टी या फिर आर.एस.एस. में एक को चुनने का दबाव बनाया। पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर और मोरारजी बची - खुची जनता पार्टी का और बिखराव रोकना चाहते थे। लेकिन उनकी सुलह कोशिशें नाकाम रहीं। 4अप्रैल 1980 को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने 14 के मुकाबले 17 मतों से फैसला कर दिया कि जनता पार्टी में बने रहने के लिए जनसंघ के लोगों को आर.एस.एस. का त्याग करना होगा। दिलचस्प है कि संघ के विरोध की अगुवाई करने वाले जगजीवनराम अगले ही दिन वाई. बी.चह्वाण की अगुवाई वाली कांग्रेस (यू) में शामिल हो गए। जनसंघ घटक के नेताओं से अधिक कार्यकर्ताओं का धैर्य इस समय तक चुक गया था। जनता पार्टी की सरकार और पार्टी को बचाने की कोशिशों की सबसे ज्यादा कीमत उन्हें चुकानी पड़ी थी। मजबूत कैडर और अन्य घटकों की तुलना में बड़े जनाधार के बाद भी उन्हें काफी झुकना पड़ा था। दोहरी सदस्यता के नाम पर पार्टी के भीतर उनकी हालत राजनीतिक अछूतों जैसी हो गई थी। लालकृष्ण आडवाणी के अनुसार जनता पार्टी के गठन के समय पार्टी के शेष घटक जनसंघ के जुड़ने से खुश थे। लेकिन समय बीतने के साथ संघ से उनके संपर्कों को लेकर शिकायत होने लगी। जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के फैसले के बाद दो ही रास्ते थे। एक की पहले ही कमजोर हो चुकी जनता पार्टी में अगली टूट हो और जनसंघ उसकी अगुवाई करे। दूसरा कि जनसंघ को पुनर्जीवित किया जाए। अटल -आडवाणी मान चुके थे कि फिर से पार्टी को खड़ा करना होगा। देरी का अब कोई मतलब नहीं था। आडवाणी ने घोषणा की कि 5 और 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान में नई पार्टी का सम्मेलन होगा। कार्यकर्ताओं का जोश वापस आ रहा था।

1500 प्रतिनिधियों की उपस्थिति का अनुमान था। विपरीत इसके 3563 ने हिस्सेदारी की। सवाल था कि क्या पार्टी का नाम जनसंघ ही रहेगा ? सोच बंटी हुई थी। इमरजेंसी के पहले जयप्रकाश नारायण के आंदोलन के समय से ही जनसंघ का नेतृत्व पार्टी के आधार विस्तार की कोशिशों में लगा था। उसे अहसास था कि कांग्रेस से अकेले मुकाबला मुमकिन नहीं होगा। संघ से इतर वर्गों के बीच भी पकड़ और पहुंच बनानी होगी और इसके लिए लचीला रुख अपनाना होगा। नई पार्टी के मंच पर दीनदयाल उपाध्याय के साथ महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण की तस्वीरें इसी सोच का हिस्सा थीं। सम्मेलन में सिकंदर बख्त, शांतिभूषण और राम जेठमलानी जैसे नेताओं की मौजूदगी के जरिए संदेश देने की कोशिश की गई कि नई पार्टी अपने पुराने कैडर के साथ गांधी - जयप्रकाश के रास्ते चलने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी के पुराने नाम जनसंघ से परहेज किया गया। अध्यक्षीय भाषण में अटल जी ने इसका कारण भी बताया। उनका कहना था कि जनता पार्टी की नीतियों और उसके कार्यक्रमों में कोई खामी नहीं थी। असल में लोगों ने राजनेताओं के व्यवहार के खिलाफवोट दिया। हम जनता पार्टी के अपने अनुभवों का लाभ उठायेंगे। हमें उसके साथ रहे संबंधों पर गर्व है। हम किसी तरह अपने अतीत से अलग नहीं होना चाहेंगे। अपनी नई पार्टी का निर्माण करते हुए हम भविष्य की ओर देखते हैं, पीछे नहीं।हम अपनी मूल विचारधारा और सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेंगे। अटल जी ने नई पार्टी का नाम भारतीय जनता पार्टी प्रस्तावित किया। नई पार्टी ने सिर्फजनसंघ के नाम ही नहीं बल्कि उसके चुनाव चिन्ह दिये का भी त्याग किया। नया चिन्ह कमल चुना गया।

# नाराज पति ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

- ❑ दूसरी पत्नी ने बीयर बीने से पति को किया था मना
- ❑ पहली पत्नी ने 6 वर्ष पूर्व फांसी लगाकर की थी आत्महत्या,



(संवाददाता)

भरथना, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित भरथना रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउट ओवरब्रिज के नीचे व मोती मन्दिर के समीप रेव ट्रैक पर बीती शनिवार को ट्रेन से कटे मिले युवक के शव की शिनाख्त घटना के करीब 30 घंटे बाद मृतक के परिजनों ने क्षेत्र के ग्राम गोपियागंज के रोजगार सेवक अमित दिवाकर 31 वर्ष पुत्र विमलेश दिवाकर के रूप में मृतक के कपड़े बेल्ट चप्पलों से कर ली है। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपियागंज निवासी मृतक के दुखी पिता विमलेश कुमार ने अपने लापता बेटे को ढूंढते हुए रविवार को सुबह करीब 10 बजे भरथना जीआरपी चौकी पहुंच कर मृतक के कपड़े बेल्ट चप्पलें पहचान कर शिनाख्त करली है। मृतक के पिता विमलेश ने बिलखते हुए बताया उसके बड़े बेटे अमित की पहली पत्नी बबीता ने वर्ष 2019 में परिजनों की गैर मौजूदगी में अंदर कमरा बन्द फांसी लगाकर आत्महत्या करली थी,उसकी पहली शादी के मानपुरा चकरनगर से वर्ष 2014 में हुई थी,बबीता अपनी साढ़े 4 वर्ष की एक बेटी अर्पणा को छोड़ गई थी,वर्तमान में बबीता से जन्मी अर्पणा 11 वर्ष की है। मृतक अमित की दूसरी शादी ग्राम मनवा रसूलाबाद कानपुर देहात से वर्ष 2021 में सुषमा से हुई अमित और सुषमा का एक 7 माह का अबोध बेटा अभियांश है।बीती शुक्रवार को परिवार में एक बेटी की शादी थी मृतक अमित ने शादी समारोह में बीयर का सेवन कर लिया था,जिसकी जानकारी होने पर पत्नी सुषमा ने अपने पति अमित से बीयर पीने को लेकर मामूली नाराजगी जाहिर की थी और अमित अपनी पत्नी सुषमा को आज के बाद अब कभी नहीं पीऊंगा भरोसा देकर शादी समारोह में जाने की कहकर घर से चला आया था। लापता अमित के शव की शिनाख्त होने के बाद परिजनों में चीख पुकार का कोहराम मचा हुआ है। जीआरपी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यात्रियों सुविधाएं दरकिनार: डीआरएम का निरीक्षण

## रेलवे के निर्माण कार्य को दिया जा रहा है असीमित एक्सटेंशन

(संवाददाता)

इटावा। अमृत योजना के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नवनियुक्त मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल। इटावा रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन प्रसार प्लेटफार्म एवं रेलवे स्टेशन पर बना रही फर्स्ट एंट्री एवं सेकंड एंट्री का निरीक्षण किया और इसी के साथ-साथ अधीनस्थ अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिशा निर्देश भी दिए। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज के पद पर नियुक्त होने के बाद रजनीश अग्रवाल का इटावा पहला निरीक्षण हुआ है। आदर्श रेलवे स्टेशन इटावा



की पुरानी इमारत जो कि आगामी दो से तीन माह में टूटने वाली है उसे पर रेलवे विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च करके टेंडर उठाया गया और उसकी पुताई करवाई गई अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि अगर कोई इमारत महीने दो महीने में टूटने वाली है फिर उसे पर इतने लाखों रुपए खर्च करने से क्या फायदा है, इस सवाल पर मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने बताया कि जब पुरानी इमारत टूटेगी उसका भी टेंडर होगा उसका भी कोटेशन बनेगा ।

# सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई के खिलाफ तल्ख बयानगी पर लगे अंकुश : डिंपल यादव

संवाददाता, सैफई, इटावा। बफ्फ संशोधन रिपोर्ट की मांग पर भाजपा नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई को आड़े हाथों ले लिया है वही दूसरी ओर समाजवादी पार्टी सुप्रीम कोर्ट और सुप्रीम मान करके उसके पक्ष में खड़ी हुई दिख रही है। समाजवादी पार्टी का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफबयान देने की प्रकिया पर अंकुश लगना चाहिए। मैनपुरी से समाजवादी पार्टी के सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने सैफई में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ बयानगी पर अंकुश लगाना चाहिए। यादव ने कहा कि देश में जो सुप्रीम है उसका सम्मान तो करना चाहिए। भाजपा देश की लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान नहीं कर रही है। भाजपा नेता संविधान का सम्मान नहीं करते हैं जब कि समाजवादी पार्टी उनकी टिप्पणियों का पुरजोर विरोध करती है। यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जो सुप्रीम है उसका सम्मान नहीं कर रहे आप किस तरह की व्यवस्था देश पर लागू करना चाहते हैं इससे कइयों तरह के सवाल खड़े हो रहे है।

# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप का फूंका गया पुतला

संवाददाता, औरैया। जनपद के सुभाष चौक पर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज चौधरी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। अनुराग कश्यप का पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज कराया गया। लोगों द्वारा जय श्री राम, जय परशुराम, ब्राह्मण समाज जिंदाबाद के नारे लगाते हुए अनुराग कश्यप पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।

# दो बाइक भिड़ंत में तीन घायलः दो सैंफई रैफर



## एक बाइक पर सवार दो लोग शराब के नशे में थे धुत

(संवाददाता)

ऊसराहार, इटावा। ऊसराहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत ऊसराहार भरथना मार्ग पर सड़क किनारे स्थित ग्राम नगरिया खना बान में रविवार की शाम 4 बजे तेज रफ्तार दो बाईकों में आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई,घटना में एक बाइक पर सवार आशीष पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम सौथना ऊसराहार और दूसरी बाइक पर शराब के नशे में धुत्त दो युवक प्रेमानंद पुत्र टीकाराम व रूपेश पुत्र हाकीम सिंह निवासी ग्राम कुर्खा ऊसराहार गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एम्ब्युलेंस से गम्भीर घायल शराबियों को इलाज के लिए पीजीआई सैंफई भेजा गया है,जबकि सौथना निवासी आशीष के परिजन इलाज कराने के लिए एवं प्राइवेट चिकित्सालय ले गए हैं। ऊसराहार पुलिस ने सड़क दुर्घटना बाली दोनों बाईकों को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जैन धर्मस्थलों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : संजय जैन

- ❑ तीर्थ बचाने के संदेश के साथ इटावा पहुंची नेमि गिरनार यात्रा
- ❑ 1008 मीटर ध्वज लेकर चले महिला- पुरूष,बना आकर्षण का केन्द

(संवाददाता)

इटावा। विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में श्री नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा का आज उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ नगर प्रवेश हुआ। इटावा की सीमा पर पहुंचते ही इस यात्रा का विश्व जैन संगठन इटावा शाखा अध्यक्ष आकाशदीप जैन के साथ पदाधिकारियों ने पहुंचकर उनकी आगवानी की। सेन्टमेरी स्कूल के पास पहुंचकर यात्रा में चल रहे रथ पर विराजमान 22 वे तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का जलाभिषेक एवं शांतिधारा संजय जैन,राष्ट्रीय संयोजिका रूचि जैन के सानिध्य में रथ प्रभारी विनोद जैन दिल्ली,नीरज जैन द्वारा किया गया। यात्रा में समाज के करीब 1500 से अधिक महिला पुरूष 1008 मीटर लम्बा राष्ट्रीय ध्वज एवं जैन ध्वज लेकर महिला पुरूष लेकर चल रहे थे जो कि एकता एवं शांति का संदेश देने के साथ गिरनार हमारा है का गगनभेदी नारे लगा रहे थे। यह यात्रा बलराम सिंह चौराहा, नौरंगाबाद चौकी, नौरंगाबाद, पक्की सराय, सरायशेख, नगर पालिका चौराहा, रंगलाल चौराहा होते हुए लालपुरा जैन धर्मशाला पहुंची, जहॉ पहुंचकर यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गयी। यहां इटावा शाखा के अध्यक्ष आकाशदीप जैन, राजीव जैन,मनोज जैन, विशाल जैन,नितिन जैन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, वीरअचल जैन पदयात्री ललितपुर का पगड़ी पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया और संजय जैन को धर्म योद्धा की उपाधि से इटावा समाज द्वारा नवाजा गया। इस मौके पर संजय जैन ने कहा कि यह यात्रा 23 मार्च को दिल्ली से 101 दिवसीय 1500 किमी यात्रा नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर 2 जुलाई 2025 को भिण्ड,



ग्वालियर, दतिया, झांसी, ललितपुर, सागर, भोपाल, आसना, इन्दौर, झाबुआ, दायोद, गुजरात, अहमदाबाद, राजगढ़ जूनागढ़ गिरनार जाकर समाप्त होगी। कहा कि अल्पसंख्यक सम्मेद शिखर को बचाने के लिए राष्ट्रपति भवन के सामने इण्डिया गेट पर एक बड़ा संकल्प लेकर भूख हड़ताल की जिसका परिणाम रहा है कि सरकार को झुकना पड़ा। संगठन का उदेश्य है कि जहॉ भी किसी जैन मन्दिर या किसी पौराणिक धर्मस्थल पर अतिक्रमण या अनावश्यक कब्जा किया जाता है तो संगठन उसका पुरजोर विरोध करता है और अंत तक लड़ाई लड़ता रहता है।

यात्रा में चक्रेश जैन,रीतेश जैन,सौरभ जैन, वैभव जैन, संजू जैन, कल्लू जैन, राकेश जैन, गौरवकांत जैन, विशाल जैन, विकास जैन, अर्पित, रजत, राजू, सुनील, शेखर, कल्लू जैन सहित सकल जैन समाज के लोग उपस्थित रहे। अंत में जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विक्रय की जमीन में धोखाधड़ी व जालसाजी करने का आरोप

संवाददाता, ललितपुर। महरौनी कोतवाली अन्तर्गत ग्राम कुंआघोषी में रहने वाले अमोल सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह ने एसीजेएम न्यायालय महरौनी में वाद दायर किया है। एसीजेएम न्यायालय महरौनी में दायर किये गये वाद में अमोल सिंह ने बताया कि उसकी आराजी संख्या 1199 रकवा 0.665 हे. ग्राम कुंआघोषी अन्य सहकाश्तकारों के साथ संक्रमणीय भूमिधर है और मौके पर कागज हैं। जिसमें उसने जरिए बैनामा कुछ रकवा रमेश कुमार पुत्र रामचरन पण्डित को विक्रय किया था। विक्रीत रकवा सड़क से काफी दूर है। बताया कि रमेश कुमार की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस अर्पित कुमार से सावित्री देवी ने विक्रय व पत्र 27 जून 2016 के जरिए आराजी संख्या 1199 रकवा 0.0128 हे. का प्लाट क्रय किया था। इस बैनामा पर गवाह के रूप में ओमप्रकाश के हस्ताक्षर हैं व कमलेश व उनके सहयोग से यह विक्रयनामा किया गया था। खतौनी पर उक्त लोगों ने साजिश, धोखाधड़ी व जालसाजी करके आराजी सं. 1199 विक्रीत रकवा 0.0128 हे. के स्थान पर खतौनी के क्रमांक 33 पर बढ़ाकर .129 हे. दर्ज करवा लिया है एवं रमेश कुमार के विक्रय पत्र से निम्न चौहद्दी अपने बैनामा में अंकित करा ली है। बताया कि साजिश करके उसकी सड़क किनारे की आराजी नं. 1199 एवं उससे लगी हुयी आराजी 1204 पर अवैध कब्जा करने के लिए उक्त फर्जी चौहद्दी व रकवा में बढ़ोत्तरी की है। यह कृत्य जालसाजी, फर्जी कागजात का सहारा लेकर उनका उपयोग विभिन्न कार्यवाहियों में किया जा सके और उसे अवैधानिक तरीके से हानि पहुंचाकर मालाकाना वालों आराजी पर कब्जा किया जा सके।

# ललितपुर में साप्ताहिक बंदी का उड़ रहा मखौल

संवाददाता, ललितपुर। जिलाधिकारी के सख्त आदेशों के बावजूद साप्ताहिक बंदी दिवस का पालन नहीं हो रहा है। रविवार को निर्धारित बाजार बंदी के दिन शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों जैसे घंटाघर, नझाई, कटरा बाजार, साड़ी वाली लाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में दुकानें बेखौफ खुली रहीं। श्रम विभाग की निष्क्रियता और कथित संरक्षण के चलते बंदी नियमों का मखौल उड़ रहा है, जिससे प्रशासन की साख पर सवाल उठ रहे हैं। क्या हैं साप्ताहिक बंदी के नियम? उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 के तहत, प्रत्येक व्यापारिक प्रतिष्ठान को सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से बंद रखना होता है। ललितपुर में रविवार को यह बंदी लागू है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को विश्राम प्रदान करना है। आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल स्टोर, दूध और खाद्य पदार्थों की दुकानों को छूट दी गई है। नियम तोडने वालों पर 500 से 5 हजार रुपये तक जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। क्यों नहीं मान रहे व्यापारी? ललितपुर के व्यापारी बंदी नियमों की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। इसके पीछे कई कारण सामने आए हैं। जिसमें श्रम विभाग की ढिलाई के चलते स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि श्रम विभाग नियमित निरीक्षण नहीं करता और उल्लंघन पर कार्रवाई न के बराबर है। छोटे दुकानदारों का कहना है कि एक दिन की बंदी से उनकी आय पर असर पड़ता है, खासकर कोविड-19 के बाद आर्थिक तंगी के दौर में। कुछ व्यापारियों का दावा है कि स्थानीय अधिकारियों के संरक्षण के कारण दुकानें खुली रखी जाती हैं। कई दुकानदारों और ग्राहकों को नियमों की पूरी जानकारी नहीं है, जिससे बंदी का पालन कमजोर पड़ता है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाधिकारी को सौंपेगा ज्ञापन



(संवाददाता)

औरैया। सुरेंद्र कुमार पांडेय जिलाध्यक्ष सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन औरैया ने सभी सम्मानित पेंशनर भाइयों को सूचित किया है कि सेवानिवृत्ति कर्मचारी एव पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एव शिक्षक महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में फ इनेंशियल बिल 2025 के पेंशनरी नियमों में बदलाव के विरोध में माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार एव माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा जिसमें आप सभी पेंशनर भाइयों की उपस्थिति अति आवश्यक है । उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि दिनांक 22 अप्रैल 2025 को समय प्रातः 11: 00 बजे जिला मुख्यालय ककोर औरैया पर भारी संख्या में उपस्थित होकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एव ज्ञापन दिलाने मे अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। शिक्षक महासंघ द्वारा अपना सहमति पत्र सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को सौंप दिया है। धरना प्रदर्शन के अवसर पर हरगोविंद गुप्ता जिला मंत्री, नरेंद्र सिंह कुशवाह प्रवक्ता, राधे श्याम शाक्य प्रवक्ता, जगदीश चंद्र दुबे पूर्व प्रधानाचार्य एवं कैबिनेट के समस्त पदाधिकारी सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशन उपस्थित रहेंगे।

# हाल-ए-नई तहसील

## एसडीएम कार्यालय के बगल में दम तोड़ता स्वच्छता अभियान

(संवाददाता)

ललितपुर। उपजिलाधिकारी (सदर) कार्यालय परिसर की बदहाल स्थिति ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्यालय के बगल में खराब पड़े शौचालय, गंदे बाथरूम और लिंग-भ्रमित प्रसाधन कक्षों के नामों से आगंतुकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, कार्यालय परिसर में पान-गुटखे के थूक के दाग हर जगह नजर आते हैं, जो स्वच्छता अभियान की पोल खोलते हैं। यह मामला प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। सरकारी कार्यालयों में आम जनता को सुविधाएं मुहैया कराना प्रशासन का दायित्व है, लेकिन नई तहसील सदर कार्यालय की स्थिति बताती है कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रहे हैं। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेगा



या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। महिला-पुरुष प्रसाधन कक्षों पर गलत नाम, भ्रम की स्थिति कार्यालय परिसर में बने शौचालय और प्रसाधन कक्षों की हालत चिंताजनक है। महिला प्रसाधन कक्ष पर पुरुष और पुरुष प्रसाधन कक्ष पर महिला लिखा होने से आगंतुकों को भ्रम होता है। कई बार महिलाएं गलती से पुरुषों वाले शौचालय में चली जाती हैं, जिससे उन्हें शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। किसी कार्य से तहसील आई रीता देवी ने बताया, मैं पहली बार जब तहसील आई थी, तो नाम पढ़कर गलत दरवाजे में चली गई। अंदर एक पुरुष था, जिससे मुझे बहुत बुरा लगा। अब जब भी तहसील आना होता है तब वापस घर पर ही जाकर बाथरूम का प्रयोग करती हूं प्रशासन को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

# यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे टैक्सी चालक को पकड़ा

संवाददाता, ललितपुर। यातायात नियम के प्रति लोगों को सचेत करते हुये तमाम प्रकार के जागरूकता आयोजन करने के बावजूद भी कई ऐसे लोग भी हैं जो जबरन ही नियमों की अनदेखी करते हुये इनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। अब यातायात नियमों को तोडने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस काफी सख्ती से पेश आ रही है, जो कि समयान्तर्गत काफी आवश्यक भी है। लोगों को समझाते हुये बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ चालानी और वाहन सीज जैसी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर भर में सघन चौकिंग अभियान चलाया। इसके तहत क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर भाग रही आपे टैक्सी को यातायात पुलिस ने पकड़ा। ललितपुर से जखौरा की ओर जा रही टैक्सी को यातायात पुलिस ने सावधानीपूर्वक ओवर टेक करते हुये रूकवाया और फिर सड़क किनारे टैक्सी को खड़ा कराया गया। इसके बाद टैक्सी में बैठी सवारियों को बारी-बारी से नीचे उतरवाया गया। इस टैक्सी में क्षमता से अधिक दो दर्जन सवारियां भरी हुयी थीं, जिसमें कई बच्चे, महिलायें और पुरुष शामिल थे।

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलैस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत कैम्प आयोजित

(संवाददाता)

औरैया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलैस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य के सरकारी कर्मचारियों तथा सेवा निवृत्त सरकारी कर्मचारियों व उनके आश्रितों को कैशलैस चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने का प्राविधान है। यह सुविधा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आबद्ध समस्त निजी चिकित्सालयों तथा सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध होगी, निजी आबद्ध चिकित्सालयों में प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रति वर्ष रू. 05 लाख तक की कैशलैस चिकित्सा उपलब्ध होगी, जबकि उ0प्र0 राज्य के सरकारी चिकित्सा संस्थानोंध्चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलैस चिकित्सा उपलब्ध होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रत्येक लाभार्थी के पास स्टेट हेल्थ कार्ड उपलब्ध होना अनिवार्य है, जिसकी सहयता से आबद्ध चिकित्सालयों में लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने के उपरान्त कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में विकास भवन सभागार में दिनांक 22.04.2025 से दिनांक 24.04.2025 तक तीन दिवसीय कैम्प आयोजित कर समस्त सरकारी सेवकों के कैशलेस चिकित्सा कार्ड बनवाये जायेंगे।

# ललितपुर जिला निर्वाचन कार्यालय की बिल्डिंग

## 105.58 लाख का फिजूल खर्च या घोटाला?

(संवाददाता)

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला निर्वाचन कार्यालय ललितपुर और वी.वी.पैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों को रखने के लिए 2019-2020 में एक भवन का निर्माण किया गया था, जिस पर 105.58 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस भवन का आज तक कोई उपयोग नहीं हुआ है। इस स्थिति ने न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का सवाल खड़ा किया है, बल्कि इसे एक संभावित घोटाले के रूप में भी देखा जा रहा है। आइए, इस मामले की गहराई से पड़ताल करते हैं। निर्माण का उद्देश्य और योजना जिला निर्वाचन कार्यालय ललितपुर ने 2019-2020 में वी.वी. पैट मशीनों के भंडारण और निर्वाचन कार्यालय की गतिविधियों के लिए एक आधुनिक भवन बनाने की योजना बनाई थी। इस परियोजना का मकसद था कि जिले में होने वाले चुनावों के दौरान मतदान प्रक्रिया को और सुचारू बनाया जाए। इसके लिए 105.58 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया, और भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ। यह भवन जिला मुख्यालय के पास बनाया गया, ताकि यह आसानी से सुलभ हो और मतदान सामग्री के भंडारण में कोई असुविधा न हो। भवन का वर्तमान हाल 2025 तक, इस भवन का कोई उपयोग नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, भवन बनकर तैयार होने के बाद भी इसे न तो जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपयोग में लिया गया और न ही वी.वी.पैट मशीनों के भंडारण के लिए इस्तेमाल किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन खाली पड़ा है और




धूल-मिट्टी जमा कर रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि भवन की स्थिति अब खराब होने लगी है, क्योंकि इसकी देखभाल के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। फिजूलखर्ची या घोटाला? 105.58 लाख रुपये की लागत से बना यह भवन अब एक बड़े सवाल का विषय बन गया है। विशेषज्ञों और स्थानीय निवासियों के बीच इस बात पर चर्चा हो रही है कि क्या इसे केवल फिजूलखर्ची माना जाए या इसके पीछे कोई बड़ा घोटाला है। कुछ प्रमुख बिंदु जो इस मामले को संदिग्ध बनाते हैं। उपयोग की कमी भवन के निर्माण का उद्देश्य स्पष्ट था, लेकिन इसके पूरा होने के बाद इसका उपयोग न होना कई सवाल खड़े करता है। क्या निर्माण से पहले इसकी उपयोगिता का सही आकलन नहीं किया गया? बजट का दुरुपयोग इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद भवन का उपयोग न होना सरकारी धन के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है।

# सेंट जॉन्स चर्च में धूमधाम से मनाया गया ईस्टर पर्व

संवाददाता, ललितपुर। सेंट जॉन्स चर्च परिसर में ईस्टर का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान (मरे हुए से जीवित होने के दिन) की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है, जो ईसाई समुदाय के लिए सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है। सूर्योदय के साथ प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी में विशेष आराधना सभा आयोजित हुई। पादरी जी.मोजेस सरकार ने अपने उपदेश में प्रेम, क्षमा और पुनरुत्थान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ईस्टर हमें यह सिखाता है कि अंधकार के बाद प्रकाश अवश्य आता है और जीवन में हर संघर्ष के बाद आशा की किरण जागती है। वहीं झांसी से आए पादरीजी संदीप लाल ने समाज एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में सन्डे स्कूल की टीचर प्रतिभा मसीह की अगुवाई में बच्चों द्वारा प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें उनके बलिदान और पुनरुत्थान को दर्शाया गया। श्रद्धालुओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया और सभी ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं। यह पर्व न केवल धार्मिक भावना को प्रबल करता है, आदि मौजूद रहे।

# कुलपहाड़ में रोडवेज के सामने भांग के ठेके पर बेचा जा रहा अवैध गांजा

संवाददाता



कुलपहाड़, महोबा। कस्बे के बीचों-बीच स्थित रोडवेज बस स्टैंड के सामने एक भांग के सरकारी ठेके पर अवैध गांजे की खुलेआम बिक्री का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि इस गोरखधंधे की जानकारी होते हुए भी स्थानीय पुलिस प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेके की आड़ में लंबे समय से गांजे की बिक्री की जा रही है। कई बार मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस पूरे खेल में कुछ जिम्मेदार लोग भी शामिल हो सकते हैं, या फिर मिलीभगत से आंखें मूंद ली गई हैं। चश्मदीदों के अनुसार, यहां रोजाना दर्जनों युवा गांजा लेने पहुंचते हैं और नशे के इस जाल में फंसते जा रहे हैं। इससे न सिर्फ समाज पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब जनता प्रशासन से मांग कर रही है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकाला जा सके।

# पनवाड़ी के देवगनपुरा, पाठकपुरा और तिगैला में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध हॉस्टल, प्रशासन मौन

संवाददाता

पनवाड़ी, महोबा। कस्बा पनवाड़ी के देवगनपुरा, पाठकपुरा और तिगैला इलाकों में बिना किसी अनुमति और सुरक्षा मानकों के कई अवैध हॉस्टल संचालित हो रहे हैं। इन हॉस्टलों में न तो आधारभूत सुविधाएं हैं, न ही कोई रजिस्ट्रेशन या निगरानी की व्यवस्था। इसके बावजूद ये हॉस्टल धड़ल्ले से चल रहे हैं और अभिभावकों की मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो इनमें से अधिकांश हॉस्टल शिक्षा के नाम पर कमरों को ठूंस-ठूंस कर भरते हैं, जहां बच्चों को रहने, खाने और पढ़ाई की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं होती। फायर सेफ्टी, स्वास्थ्य सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी जैसी मूलभूत चीजें भी नदारद हैं। कई जगह तो लड़के-लड़कियों के हॉस्टल आसपास ही संचालित हैं, जिससे अतिरिक्त जोखिम बना रहता है। अभिभावकों ने कई बार शिकायतें भी की हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत या फिर उदासीनता के चलते ये अवैध हॉस्टल फल-फूल रहे हैं।जनता ने अब जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि इन हॉस्टलों की सघन जांच कर अवैध और असुरक्षित संस्थानों को तत्काल बंद कराया जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा और भविष्य दोनों सुरक्षित रह सकें।

# प्रशासनिक नियमों के अनुरूप करें रिक्शा संचालन : मनोज शर्मा

## ऑल इन वन ई रिक्शा चालक कल्याण समिति जिला कार्यालय का हुआ उद्घघाटन

संवाददाता



बाराबंकी। ऑल इन वन ई रिक्शा चालक कल्याण समिति के जिला स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि रिक्शा चालक प्रशासनिक नियमों के अंतर्गत रिक्शा का संचालन करें वही ऑल इन वन ई रिक्शा चालक कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जमीर उर्फ फिरोज ने कहा कि रिक्शा चालकों का उत्पीड़न किसी मायने में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।? यदि यही चालक अपने रिक्शे का संचालन बंद कर देंगे तो किस प्रकार से अपने परिवार का भरण पोषण करेंगे जिसका उत्तर शायद किसी के पास नहीं है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू महासंघ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ अतुल हिन्दू ने कहा समिति समय समय पर जागरूकता शिविर आयोजित कर चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने को जागरूक करें। समिति में रामू गुप्ता,राहुल सिंह,रविंद्र कुमार,,आशीष, दीपक यादव, रोहित कुमार,रंजीत कुमार,आदिल,रईस यश गुप्ता,फरहान,रोहित,कल्लू ,चंदन, समीर,नीरज जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बिना पंजीकरण, फिटनेस मिलने पर एआरटीओ ने किये 5 ई-रिज़्शा सीज, 6 चालान



संवाददाता, बाराबंकी। मानको का उल्लंघन कर सड़को पर बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के विरुद्ध परिवहन विभाग अंकुश लगाता दिखाई दे रहा है। इस दौरान बिना पंजीकरण, फिटनेस समेत जर्जर हालत के ई-रिक्शा को जब्त किया गया। आज रविवार को बाराबंकी-गोण्डा-बहराइच मार्ग पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासनध्प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला की टीम ने बिना पंजीकरण, फिटनेस समेत नाबालिग द्वारा संचालन करते मिलने पर 5 ई-रिक्शा को थाना मंड़ी मे बंद किया। तथा 6 ई-रिक्शा के अन्य अभियोगो मे चालान किये।

# मोटरसाइकिल सवार युवक को टैंकर ने मारी टक्कर दो की मौके पर मौत एक गंभीर घायल

## प्रिंस की मौत से घर का बुझ गया चिराग गांव में छाया मातम परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल




संवाददाता

रामसनेहीघाट/बाराबंकी। पेट्रोल पंप से पेट्रोल बाइक में डलाकर गलत साइड से जा रहे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को सामने से आ रहे कंटेनर ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मुख्यालय भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर मजरे सादुल्लापुर निवासी राकेश चंद्र वर्मा का एकलौता पुत्र 15 वर्षीय प्रिंस वर्मा गांव के ही 16 वर्षीय अमित वर्मा पुत्र मनोज वर्मा तथा 18 वर्षीय बबुई पुत्र दिलीप कुमार वर्मा के साथ एक ही मोटरसाइकिल से शुक्रवार की शाम करीब 7रू30 बजे वीर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल में पेट्रोल लेने के लिए ये लोग मोहम्मदपुर कीरत स्थित एचपी पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर रॉन्ग साइड से मोहम्मदपुर चौराहे की ओर आ रहे थे तभी उनके मोटरसाइकिल में अयोध्या की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने जोरदार ठोकर मार दी,टक्कर इतनी तेज थी की मोटरसाइकिल उसी में फंसकर काफी दूर तक घसीटती चली गई। इस घटना में प्रिंस तथा अमित के चिथड़े उड़ गए। जबकि बबुई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होते ही कोतवाल अंकित त्रिपाठी कई पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर क्षत विछत शवों को किसी प्रकार इकट्ठा कराकर पीएम के लिए भिजवाया। इस बीच करीब 1घंटे तक नेशनल हाईवे राजमार्ग जाम रहा। घटना की सूचना पर क्षेत्र व गांव के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंच गए इसकी जानकारी होते ही भोजपुर गांव में कोहराम मच गया।

# डॉ आंबेडकर के सपनों को पूरा करने में जुटे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : डॉ महेंद्र सिंह

## सच्चे राष्ट्र भक्त थे डॉ आंबेडकर : डॉ महेंद्र सिंह

संवाददाता



बाराबंकी। डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत रविवार को सैनिक पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने अभाव और अपमान के बीच अपना रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़कर समाज को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल अपने कुकृत्यों से ध्यान भटकाने के लिए जाति के नाम पर लोगों को लड़ाना चाहते हैं और इसके लिए महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि बाबा साहब को पंडित नेहरू की दलित विरोधी एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा।कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाबा साहेब को संविधान सभा में नहीं भेजना चाहती थी। लेकिन हिन्दू महासभा ने उन्हें अपनी सीट पर संविधान सभा में भेजा।कहा कि भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 में अनुसूचित जाति, जनजाति, अति पिछड़ी जाति और महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया, जो बाबा साहेब के प्रयासों से ही संभव हुआ।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने भारत को अनेकता में एकता का संदेश देने वाला संविधान दिया, जो हर नागरिक को सम्मान देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान में संशोधन किए। जिससे बाबा साहेब बहुत परेशान हुए।कहा अब तक हुए कुल 106 संविधान संशोधनो में कांग्रेस ने अकेले 75 संशोधन किए जिनमें अधिकांश संशोधन संविधान की मूल आत्मा का गला घोंटने एवं एक परिवार के लिए किए गए जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 8 संशोधन किए है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की मूल अवधारणा को मजबूती देने के लिए किए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 1952 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहेब को हराया ,इतना ही नहीं उनको अपमानित करने के लिए 1954 के उपचुनाव में बाबा साहब के निजी सचिव को तोड़कर उनके विरुद्ध चुनाव लड़ा कर बाबा साहब को चुनाव में हराने का कुकृत्य कांग्रेस ने किया।उन्होंने कहा कि बाबा साहब सच्चे राष्ट्रभक्त थे,जिन्होंने समरसता का संदेश दिया। डॉक्टर महेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के नाम पर भाषण देने वाली बहुत राजनीतिक पार्टियां हैं लेकिन उनके आदर्शों पर चलने वाली केवल भाजपा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने अनुयायियों से शिक्षित बनने और अन्याय के खिलाफसंगठित रहने का आह्वान किया था।उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि सपा दलित विरोधी पार्टी है जिसने अपने गठन के बाद ऐसे षड्यंत्र रचे जिससे समाज में अराजकता फैली।उन्होंने कहा पीएम मोदी बाबा साहब के सपनों को पूरा करने में जुटे हैं।उन्होंने पंच तीर्थ का भव्य निर्माण कराकर उनके सम्मान को बढ़ाया है।विशिष्ट अतिथि व भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि डॉ आंबेडकर दूरदृष्टा थे,उन्होंने मोदी योगी द्वारा दलित समाज के उत्थान में किए गए कार्यों की चर्चा की।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गंगा राम आंबेडकर ने बाबा साहब के सम्मान को बढ़ाने एवं सामाजिक समरसता की बुनियाद को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य निसाबी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ,विधायक दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत,पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह,संतोष सिंह,अवधेश श्रीवास्तव, रामकुमारी मौर्य, डॉ विवेक वर्मा,अजीत प्रताप सिंह,विजय आनंद बाजपेई,नेहा आनंद,सरिता सिंह,रामेश्वरी त्रिवेदी,शील रत्न मिहिर, ब्रजेश रावत, अमरीश रावत,प्रदीप रावत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# सपा विधायक गौरव रावत ने आंधी में गिरी हाईमास्ट लाइटें को पुन: नई लाइटें लगवायी क्षेत्र में प्रशंसा

संवाददाता



मसौली बाराबंकी। शनिवार की रात्रि अचानक आयी तेज रफ्तार आंधी व बारिश से विभिन्न ग्राम पंचायतो मे क्षतिग्रस्त हुई।हाईमास्ट लाइटो को संज्ञान मे लेते हुए क्षेत्रीय सपा विधायक गौरव रावत ने सभी लाइटो को 24 घंटे के अंदर सही कराकर अंधेरा दूर कर दिया। बताते चले कि गत शनिवार की रात्रि अचानक तेज रफ्तार के साथ आयी आंधी बारिश में बाराबंकी बहराइच गोंडा हाईवे पर मार्ग पर कस्बा बड़ागांव मोड़ गेट के निकट सपा विधायक गौरव रावत द्वारा लगवाई गई हाई मास्ट लाइट गिर गई थी जिसमें अज्ञात चोरों ने तीन पैनल समेत बाक्स के अंदर रखी बेट्री को चुरा ले गए। शनिवार सुबह जब राहगीरों ने पोल को जमीन पर गिरा देखा तो प्रधान प्रतिनिधि बड़ागांव नूर मोहम्मद को सूचना दी मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने दूरभाष के माध्यम से विधायक गौरव रावत को अवगत कराया तो विधायक ने मामले संज्ञान में लेते हुए रविवार को सुबह पुन: सोलर पैनल हाईमास्ट लाइटें लगवायी जिससे क्षेत्र में विधायक गौरव रावत की भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। इसी क्रम में क्षेत्र की कई ग्राम पंचायत कोडरी, सेमरी, रायपुर, रसूलपुर पिपरौली आदि मे सपा विधायक गौरव रावत की निधि से लगी हाईमास्ट लाइटे गिर गयी और टूटफुट गयी जिसकी जानकारी होते ही सपा विधायक गौरव रावत ने संज्ञान मे लेते हुए कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी द्वारा 24 घंटे के अंदर सही कराकर अंधेरे को दूर करने का सराहनीय कार्य किया है। सपा विधायक द्वारा तत्पर कार्य कराये जाने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, बीडीसी शाहिद अली, पप्पू गौतम, मो0 गुफरान, सुरज यादव, मतीन अंसारी, फुरकान अहमद, नूरुल बसर अंसारी सहित क्षेत्रीय लोगो ने आभार जताया है।

# अवैध होर्डिंग हटाने के लिए नगर निकायों ने चलाया तीन दिवसीय अभियान

संवाददाता



बाराबंकी। रविवार से नगरपालिका व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शहर व कस्बों के मुख्य मार्गों पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल पर विभाग की अनुमति के बिना लगाए गए होर्डिंग बोर्ड को उतारने का तीन दिवसीय अभियान शहर के मुख्य मार्ग स्थित टेस्टीबाइट से शुरू किया गया। इस अभियान के तहत नगर पालिका नवाबगंज और जिले की सभी नगर पंचायतों के कर्मचारियों ने सैकड़ों पोल पर लगे होर्डिंग बोर्ड को हटाकर अपने कब्जे में ले लिए। सचिव नगर पालिका परिषद नवाबगंज श्री संजय शुक्ला ने बताया कि पिछले कई दिनों से निरंतर आम जनता की शिकायतें मिल रही थी कि स्टेट हाईवे के अलावा मुख्य मार्गो पर जितने भी स्ट्रीट लाइट व बिजली के पोल लगे हुए हैं। उन पर अधिकांश लोगों ने विभाग की अनुमति के बिना ही अपने प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग बोर्ड लगाए हुए हैं और इन होर्डिंगों के कारण दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है जिसको शासन व जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही करने के लिये जिले भर में 3 दिवसीय अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स हटवाने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों द्वारा रविवार से इस अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद नवाबगंज और जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में एक साथ की गई। अभियान में नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की नगर पंचायतों के सभी ईओ और अन्य कर्मचारीगण अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहे।

# फरजाना बेगम मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से 186 आजमीन हज को बतौर हादिया एहराम तकसीम किये गये



संवाददाता

बाराबंकी। हज प्रशिक्षण शिविर में ष्फरजाना बेगम मेमोरियल ट्रस्टष् की तरफ से 186 आजमीन हज को बतौर हादिया ष्एहरामष् तकसीम किये गये। ट्रस्ट के सदर डॉ ए एच उस्मानी ने इस साल एहराम के साथ तयम्मुम के लिए रूमल साइज के कॉटन को मुल्तानी मिट्टी में भीगो सुखा कर, पैक कर के हाजियों को दिया। जिससे सफर में खास कर जहाज में तयम्मुम करने में आसान हो। अल्लाह सभी हाजियों के सफर को आसान बना दे और सारे अरकान साथ खैरियत के अदा करवा दे और सबका हज कुबूल फरमा आमीन। इस अवसर पर हज पर जाने वाले यात्रियों के अलावा बहुत से मोअज्जिज लोगों व डॉक्टरों ने शिरकत की। इस अवसर पर डाक्टर अकमल अल्वी व डॉक्टर फुरकान अहमद , डॉक्टर फारूक , डॉक्टर जैनुल आब्दीन , डॉक्टर महफूज सिद्दीकी आदि बहुत से डॉक्टरों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

# दुबई में दिया गया शहंशाहे गजल खुमार बाराबंकवी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

संवाददाता



लखनऊ। इंडियन हाई स्कूल शेख राशिद ऑडिटोरियम दुबई मे आयोजित ष्जश्न-ए- उर्दूष् मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन फरहान वास्ती द्वारा किया गया। बा यादें खुमार बाराबंकी मे बतौर मुख्य अतिथि भारत से आए हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व केबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप पहुंचे। उन्होंने कहा एकता भाईचारा प्यार मोहब्बत अपनत्व बंधुत्व की सरजमी भारत की सौंधी मिट्टी की खुशबू सीने में संजोये उपस्थित हू।मेल मिलाप को मन में बसाए दुबई के लोगों से प्यार कैसे अपनी खुशबू से दूर देश खींच लाता है। दुनिया भर में मशहूर शहंशाहे गजल खुमार बाराबंकवी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। ये अवॉर्ड खुमार बाराबंकवी के पौते शायर फैज खुमार को दिया गया। इस अवसर पर भारतीय गणतंत्र दिवस कवि सम्मेलन एवं मुशायरे दुबई के संयोजक सय्यद सलाउद्दीन उपस्थित रहे। भारत एवं कई अन्य देशों से पधारे कवि एवं शायरों के गीत और गजलों का लोगो ने आनंद लिया इसके पूर्व आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर गुलदस्ता प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# उ0प्र0प्राथमिक शिक्षक संघ ने पूर्व मंत्री डॉ0 महेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित वर्ग भाजपा राम चंद्र कन्नौजिया व पूर्व वैक् गंगाराम जी से शिष्टाचार भेंट की

संवाददाता



बाराबंकी। आज माननीय विधान परिषद सदस्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री, मध्य प्रदेश प्रभारी डॉ0 महेंद्र सिंह जी, आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित वर्ग भाजपा श्री राम चंद्र कन्नौजिया जी, पूर्व वैक् माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री गंगाराम जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत जी, पूर्व सांसद श्री उपेन्द्र सिंह रावत जी, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री अरविंद मौर्य जी, पूर्व विधान परिषद सदस्य श्री हर गोबिंद सिंह जी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्री संतोष सिंह जी, श्री अवधेश श्रीवास्तव जी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष भाई जयदीप सिंह जी, सहित अनेक गणमान्य का सानिध्य प्राप्त हुआ।

# परिवार संग शिरडी पहुंचीं शिल्पा शेट्टी, पति और बच्चों के साथ किए साईं बाबा के दर्शन



फि टनेस क्वीन शिल्पा शेट्टी हाल ही में अपने परिवार के साथ शिरडी पहुंचीं। जहां उन्होंने साईं बाबा के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान की तस्वीरें एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं, जो अब तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी साईं बाबा की पूजा करती नजर आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनके पति राज कुंद्रा, बेटी और मां भी मौजूद रहीं। शिल्पा ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, शांति, आशीर्वाद और सुरक्षा में.. ओम साई राम। फैंस उनकी इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं और हजारों लाइक्स अब तक आ चुके हैं। शिल्पा ने इस मौके पर पिंक कलर का सूट पहना हुआ था, जिसमें वो बेहद सुंदर लग रही थीं। उन्होंने लाइट मेकअप किया था और बाल खुले छोड़े थे, जिससे उनका लुक और भी निखर कर सामने आया। वहीं, राज कुंद्रा येलो कलर के कुर्ते में नजर आए और अपनी बेटी को गोद में उठाए हुए थे। सभी लोग श्रद्धा भाव से साईं बाबा की पूजा करते दिखे। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी साल 2009 में हुई थी। दोनों अब दो बच्चों, एक बेटे और एक बेटी के माता-पिता हैं। शिल्पा मुंबई में अपने पति, बच्चों और मां के साथ रहती हैं। फिल्मों से लेकर रियलिटी शोज तक शिल्पा आज भी इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और हर साल अच्छी कमाई करती हैं। उनके पति राज कुंद्रा भी एक सफल बिजनेसमैन हैं। शिल्पा की ये सादगी और श्रद्धा देखकर फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। साईं बाबा के दर्शन की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रही हैं।





>>> बॉलीवुड <<<

## जब इस एक्टर ने एक्ट्रेस संग की थी छेड़छाड़, गुस्से में पिता ने कर दिया बेघर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रंजीत को बॉलीवुड का एक आइकॉनिक विलेन माना जाता है। उन्होंने अपनी फिल्मों में अधिकांश समय निगेटिव रोल किए हैं और इन किरदारों के चलते वे एक स्टीरियोटाइप विलेन के रूप में पहचान बनाए हैं। वह अक्सर हीरो से लड़ते, हीरोइनों से छेड़छाड़ करते और कई बार तो अपने किरदारों में काफी हिंसक भी दिखे। लेकिन एक बार रंजीत ने खुलासा किया था कि उनके द्वारा निभाए गए ऑन-स्क्रीन किरदार के कारण उनके पिता ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया था। दरअसल, रंजीत ने यह मजेदार किस्सा कपिल शर्मा के शो पर सुनाया था। उन्होंने बताया, जब मैंने अपनी पहली फिल्म शर्मीली की थी, तो मेरे पिता ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। रंजीत ने आगे बताया कि उनके पिता को यह बिल्कुल भी पसंद नहीं आया था कि उन्होंने फिल्म में राखी के साथ छेड़छाड़ वाला सीन किया था। इस सीन में रंजीत राखी का कपड़ा फाड़ते और उनके बाल खींचते हुए नजर आ रहे थे। उनके पिता ने गुस्से में आकर कहा, यह क्या काम है? कोई अच्छा रोल लो जैसे मेजर, ऑफिसर, एयरफोर्स ऑफिसर या डॉक्टर का रोल करो। तुमने बाप का नाम ही कटवा दिया है। अब तुम अमृतसर में कैसे जाओगे? रंजीत ने हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रेम प्रतिज्ञा फिल्म के दौरान माधुरी दीक्षित के साथ एक महत्वपूर्ण सीन के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि उस वक्त माधुरी बहुत नई थीं और उन्हें उनके बारे में कोई खास जानकारी नहीं थी। रंजीत ने बताया कि उनकी इमेज एक निर्दयी खलनायक की बन चुकी थी और लोग उनसे डरते थे। माधुरी ने भी उनकी इस इमेज के बारे में सुना था, जिस वजह से वह काफी घबराई हुई थीं। रंजीत ने इस पर कहा, मैं अपने दूसरे शूट के लिए जल्दी में था और सेट पर मुझे माधुरी की स्थिति के बारे में कुछ भी नहीं पता था। बाद में मैंने माधुरी के बारे में जाना। इसके बाद रंजीत ने माधुरी से जाकर उन्हें समझाया कि असल जिंदगी में वह एक अच्छे इंसान हैं। तब जाकर माधुरी ने उस सीन को करने के लिए हां कहा। रंजीत ने अपने करियर में लगभग 5 दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया और अधिकतर फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने टेलीविजन शो ऐसा देस है मेरा में एक सकारात्मक किरदार भी निभाया था।

## मनोरंजन के नाम पर श्रद्धा का बन रहा मजाक: 10 साल के अभिनव अरोड़ा को भगवान के प्रति आस्था पड़ रही भारी?

इन दिनों सोशल मीडिया पर एक नाम तेजी से चर्चा में है अभिनव अरोड़ा। मात्र 10 वर्ष की आयु में वह एक बाल कथावाचक के रूप में श्रीराम जन्मभूमि की कथा सुनाते हैं। जब वह मंच पर बैठते हैं, तो उनके भीतर की श्रद्धा, समर्पण और ज्ञान देख कर कई लोग नतमस्तक हो जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज के डिजिटल युग में जहां अच्छाई को सम्मान मिलना चाहिए, वहीं देश के सबसे युवा अध्यात्मिक वक्ता अभिनव को उनके शरीर, बोली, उम्र और भक्ति के कारण ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो पर भद्दे कमेंट किए जा रहे हैं, मीम बनाए जा रहे हैं और उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। क्या अब बच्चों की मासूम श्रद्धा भी उपहास का विषय बन गई है? सोचने वाली बात यह है कि क्या केवल इसलिए कि यह कथावाचक मात्र 10 साल के हैं, उनका ज्ञान अमान्य हो जाता है? क्या मोटापा किसी की समझ और भक्ति को कम कर देता है? क्या कोई तोतली भाषा उसकी सोच को कमजोर बनाती है? ये सारे प्रश्न हमें अपने समाज के बदलते चरित्र की ओर ले जाते हैं। और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आज सोशल मीडिया अश्लीलता का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। जहां एक ओर नाच-गाने और भड़काऊ कंटेंट को लाखों फॉलोअर्स और लाइक्स मिलते हैं, वहीं जब कोई बच्चा भक्ति और संस्कृति की बात करता है तो उसका मजाक



उड़ाया जाता है। जो लोग अपनी श्रद्धा से कुछ अच्छा करने का प्रयास करते हैं, उन्हें नीचा दिखाने में समाज जरा भी संकोच नहीं करता। अभिनव अरोड़ा को मीडिया चौनलों पर स्थान इसलिए नहीं मिल रहा कि वह कोई वायरल चेहरा है, बल्कि इसलिए कि वह एक प्रतिभाशाली और जागरूक बालक है, जो कम उम्र में ही धर्म और संस्कृति की गहराई को आत्मसात कर रहा है। भारत में इससे पहले भी कई उदाहरण रहे हैं बालक ध्रुव, प्रहलाद और विवेकानंद जैसे नाम जिन्होंने बचपन में ही समाज को नई दिशा दी। अभिनव उन्हीं परंपराओं की अगली कड़ी है। यदि हम आज ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमारे मूल्यों से कटती जाएंगी। यह समय है आत्ममंथन का। क्या हम उस दिशा में बढ़ रहे हैं जहाँ अश्लीलता को मनोरंजन और श्रद्धा को मजाक बना दिया जाए? यदि हाँ, तो यह केवल अभिनव की नहीं, हमारी सोच, संस्कृति और समाज की भी हार है। हमें तय करना होगा कि हम कैसी पीढ़ी को आगे बढ़ाना चाहते हैं वो जो व्यंग्य और उपहास की आड़ में प्रतिभा को कुचल दे, या वो जो सच्चाई, श्रद्धा और संस्कृति को सम्मान दे।

>>> बॉलीवुड <<<

## क्या यह संयोग था... एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई धनश्री वर्मा, अचानक पीछे से आ गए एक्स पति चहल

हाल ही में सोशल मीडिया पर धनश्री वर्मा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में धनश्री वर्मा एयरपोर्ट पर स्पॉट की गईं, जहां वह बेहद कैजुअल लुक में नजर आ रही थीं। हालांकि, इस वीडियो को खास बना दिया है उनके पीछे चल रहे मैच का स्क्रीन। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जब धनश्री वर्मा चल रही हैं, उनके पीछे बैकग्राउंड में यूजी चहल का क्रिकेट मैच चल रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह महज एक संयोग था या फिर जानबूझकर ऐसा किया गया था। इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है कि यह किस प्रकार हुआ, लेकिन इंटरनेट पर लोग इस वीडियो को लेकर अपने-अपने रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि यूजी भाई का जलवा है। वहीं, एक और यूजर ने लिखा, संयोग नहीं तो और क्या है? कुछ यूजर्स ने तो मजेदार तरीके से लिखा, यूजी भाई तो पीछा ही नहीं छोड़ रहे, और अब तो पीछा छोड़ दे भाई। एक यूजर ने यह भी कहा, यूजी भाई हर जगह हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं।



## शिवराज कुमार, उपेंद्र और राज बी. शेट्टी की फिल्म 45' के टीजर बना इंटरनेट का संसेशन

कन्नड फि ल्मों के दिग्गज कलाकार डॉ. शिव राजकुमार, उपेंद्र और राज बी. शेट्टी स्टारर एक्शन पैक्ड फैन्टेसी ड्रामा फिल्म 45' का जबरदस्त टीजर लॉन्च रिलीज हो गया हैं प्रसिद्ध संगीतकार अर्जुन जन्या ने साउथ के बड़े सितारों को एक साथ लाने का प्रयोग किया है जिनकी बतौर निर्देशक यह पहली फिल्म है. सूरज प्रोडक्शंस द्वारा बनी फिल्म को 15 अगस्त, 2025 को कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम के साथ हिंदी में भी भव्य स्तर पर रिलीज किया जाएगा। टीजर का एक संवाद अभी से लोगों की जुबान पर चढ़ गया है इंसान को उसके मरने के बाद दिखाने वाला प्यार उसके जीते जी दिखाओ. टीजर में कुछ डरावने विजुअल्स दिखाई देते हैं। नरक की आग , और लपटों से निकलती डरावनी आकृति , आसमान में उड़ते भयानक चील के दृश्यों के खत्म होने के साथ उपनेद्र एक स्टाइलिस्ट लुक में बाइक पर एंट्री करते हैं। टीजर के अंत में एक शेर और मानव की मिली जुली रहस्यमय आकृति कुछ अजीब संवाद बोलता हैं जिसमे सिर्फ ही समझ में आता हैं। 1 मिनट 17 सेकंड का टीजर कई सवाल छोड़ जाता हैं। एक धमाकेदार कन्नड ऐक्शन ड्रामा फिल्म 45 एक रहस्यमयी नंबर पर आधारित है जिसमें दर्शक शिवराजकुमार, उपेंद्र और राज बी. शेट्टी जैसे तीन दमदार कलाकारों को एक साथ बड़े पर्दे पर देख सकेंगे। इस कहानी में जब नंबर 45 उनके जीवन में आता है, तो कुछ भी पहले जैसा नहीं रहता सब कुछ बदल जाता है। अर्जुन जन्या द्वारा निर्देशित यह शानदार फिल्म एक्शन, इमोशन और गहरी संवेदनाओं एक रोचक प्रस्तुति है। मल्टी स्टारर फिल्म के लिए एक स्टैन्डर्ड सेट करने वाली फिल्म 45 के अनोखे प्रोमोशनल प्लान के अंतर्गत निर्माताओं ने फोर-स्टेट टीजर लॉन्च टूर की शुरुआत मुंबई में हिन्दी टीजर के भव्य शो से हो गई है. सिर्फ 2 दिनों में चार राज्यों में फिल्म के टीजर को बड़े स्तर पर प्रमोट किया




गया ।मुम्बई के बाद हैदराबाद चेन्नई जाएगी और फिर अंत में कोच्चि में एक शानदार लांच किया गया। फिल्म के दिग्गज कलाकार डॉ. शिवराजकुमार का कहना है कि : बहुत ही रोमांचक सिनेमा है '45'. जब मैंने इस की स्टोरी पढ़ी थी तभी मुझे लगा था यह एक असाधारण फिल्म होगी और मैंने तुरंत इस फिल्म में काम करने के लिए हामी भर दी। टीजर लॉन्च दरअसल हमारे फैंस के साथ अपने एक्साइटमेंट को शेयर करने का पहला कदम है. इस फिल्म के साथ हम सभी की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस फिल्म को लेकर बेहद खुश और उत्साहित उपेंद्र ने कहा '45' जैसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस टीजर प्रमोशन टूर के साथ, हम सिर्फ इस फिल्म की कुछ झांकियां ही नहीं दिखा रहे हैं बल्कि फिल्म की सफलता की मंजिल की ओर यह पहला कदम है। अभी बहुत कुछ आना बाकी है। संगीतकार से फि ल्म निर्देशक बन रहे अर्जुन जन्या ने कहारू दर्शकों के सामने फिल्म '45' के माध्यम से एक ऐसी कहानी प्रस्तुत करने जा रहे हैं जो अपने आप में विशेष है और इससे पहले शायद ही दर्शकों ने ऐसी कहानी देखी हो। मेरा हमेशा से सपना था ऐसे बड़े और मंझे हुए कलाकारों के साथ कोई प्रोजेक्ट करूँ और 45 के जरिए मेरा यह ख्वाब पूरा होता दिख रहा है। फिल्म के टीजर प्रमोशन पैन इंडिया टूर के द्वारा हम देश भर के दर्शकों से अपील करना चाहते हैं कि फिल्म को सफल बनाने के लिए हमारी इस यात्रा में हमसे जरूर जुड़ें।

# आरसीबी ने पंजाब को 7 विकेट से हराया, विराट कोहली ने खेली धमाकेदार पारी

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के 37वें मुकाबला में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। इस दौरान विराट कोहली ने 73 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं आरसीबी ने दो दिन पहले अपने घर पर मिली शिकस्त का बदला भी मेजबान टीम से ले लिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु के सामने 158 रन का लक्ष्य रखा। जिसे आरसीबी ने कोहली की दमदार पारी के दम पर 7 गेंदें और इतने ही विकेट रहते चेज कर लिया। इस जीत के साथ ही आरसीबी के 10 अंक हो गए हैं। पॉइंट्स टेबल में अब आरसीबी समेत 5 टीमों के इतने ही अंक हैं। कोई शक नहीं कि आईपीएल प्लेऑफ की जंग दिलचस्प होने जा रही है। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने वाली पंजाब ने अच्छी शुरुआत की। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने 4.2 ओवर में 42 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब ने पहला विकेट प्रियांश आर्य (22) के रुप में गंवाया। प्रियांश के आउट होने के बाद प्रभसिमरन सिंह (33) ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर टीम को 62 रन तक पहुंचाया। पावरप्ले यानी 6 ओवर की समाप्ति पर पंजाब किंग्स का स्कोर 1 विकेट पर 62 रन था। वहीं



पंजाब कि रफ्तार पर रोक लगाने का काम क्रुणाल पंड्या ने किया। क्रुणाल ने पहले प्रियांश और फिर प्रभसिमरन सिंह को आउट किया। प्रियांश और प्रभसिमरन दोनों ही हवाई शॉट खेलने की कोशिश में टिम डेविड के हाथों लपके गए। थोड़ी देर बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (6) भी रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर क्रुणाल पंड्या को कैच दे बैठे। रोमारियो का ये आईपीएल 2025 में पहला मैच है। ये आरसीबी के लिए भी उनका पहला मैच है। इस तरह पंजाब के पहले तीन विकेट गंवाने में क्रुणाल पंड्या का योगदान रहा। 68 के टीम स्कोर पर अय्यर का विकेट गंवाने वाले पंजाब किंग्स ने नेहल वढेरा (5) का विकेट जल्द गंवा दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत खराब रही। ओपनर फिल सॉल्ट एक रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद पंजाब किंग्स के गेंदबाजों को विराट कोहली और इम्पैक्ट प्लेयर देवदत्त पडिक्कल ने विकेट के लिए तरसा दिया।

इन दोनों ने 103 रन की साझेदारी कर टीम को 109 रन तक पहुंचाया। देवदत्त पडिक्कल जब 61 रन बनाकर आउट हुए, तब तक आरसीबी की गाड़ी जीत की पटरी पर रफ्तार पकड़ चुकी थी। विराट कोहली एक छोर पर अंत तक डटे रहे। उन्होंने 54 गेंदों में 73 रन की नाबाद पारी खेली। देवदत्त पडिक्कल के आउट होने के बाद कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार के साथ 34 रन की साझेदारी की। इसके बाद जितेश शर्मा (11) के साथ मिलकर टीम को 159 रन तक पहुंचाया।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास, आईपीएल में किया अद्भुत कारनामा



एजेंसी, नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के 37वें मुकाबले में एक और अर्धशतक जड़ आरसीबी के स्टार बल्लेबा विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। किंग कोहली इस रंगारंग लीग में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेविड वॉर्नर का रिकॉर्ड तोड़ा है। कोहली के बल्ले से ये बेहतरीन शतक अहम मौके पर आया है। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी को 158 रनों का टारगेट दिया था। इस स्कोर का पीछा करते हुए फिल साल्ट पहले ही ओवर में आउट हो गए थे। जिसके बाद कोहली ने मैच को अपनी जीत में बदला। विराट कोहली का ये आईपीएल में 67वां 50़ स्कोर है। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने ये कारनामा 66 बार किया था। अब कोहली आईपीएळ के इतिहास में सबसे ज्यादा 50 प्लस का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा 50़ का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज

विराट कोहली- 67, डेविड वॉर्नर- 66, शिखर धवन- 53, रोहित शर्मा- 45, केएल राहुल- 43

विराट कोहली के आईपीएल करियर की बात करें तो, ये उनके करियर का 260वां मैच है, वह अभी तक 59 अर्धशतक और 8 शतक जड़ चुके हैं। विराट के नाम टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड है।

# आईसीसी कॉन्फ्रेंस में लिए जा सकते हैं बड़े फैसले, क्रिकेट में बदलाव देखने को मिलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली। आईसीसी की हर साल कॉन्फ्रेंस होती है। इस कॉन्फ्रेंस में कई बार क्रिकेट से जुड़े कुछ फैसले लिए जाते हैं जिससे इस खेल का भविष्य सुनहरा हो सके। लगभग हर साल कोई न कई बदलाव क्रिकेट के इस खेल में किया जाता है। इस साल सिंगापुर में जुलाई के तीसरे हफ्ते में ये कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें वनडे क्रिकेट से जुड़े कुछ बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। इस साल की कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता जय शाह करेंगे, जो आईसीसी अध्यक्ष के रूप में पहली बार इस बैठक की अगुवाई करेंगे। हाल ही में हरारे में हुई मीटिंग में सिंगापुर को इस कॉन्फ्रेंस के लिए फाइनल किया गया है। इस दौरान चर्चा के लिए प्रमुख विषयों में से एक क्रिकेट समिति की सिफारिशें शामिल हैं, जिसका नेतृत्व भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली करते हैं। बता दें कि, सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली समिति



ने वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए सुझाव दिया है कि 25वें ओवर से एक ही गेंद का इस्तेमाल हो। अभी दो गेंद शुरुआत से इस्तेमाल होती हैं जो आखिर तक चलती हैं। इस तरह पचासवें ओवर में महज 25 ओवर पुरानी ही गेंद होती है। इस बदलाव से रिवर्स स्विंग में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी और ये विधा सफेद गेंद वाली क्रिकेट में वापस लौटेगी। ये स्किल वर्तमान में वनडे से गायब हो गई है। एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव टेस्ट मैचों को लेकर ये है कि रेड बॉल क्रिकेट में इन-गेम क्लॉक को शुरू किया जाए, ताकि इससे हर दिन 90 ओवर पूरे करने में मदद मिले। टी20 फॉर्मेट में 60 सेकेंड के बाद ही दूसरा ओवर फेंकने के लिए टीम को तैयार रहना होता है। ऐसा ही टेस्ट क्रिकेट के लिए प्रस्तावित है। इसके अलावा आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप को वनडे की जगह टी20 फॉर्मेट में आयोजित कराए जाने का प्रस्ताव है।

# वैभव सूर्यवंशी के फैन हुए सुंदर पिचाई

14 वर्षीय वैभग सूर्यवंशी को उनके आईपीएल डेब्यू ने बड़ा स्टार बना दिया है। उन्होंने बीते शनिवार लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डेब्यू मैच में 20 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जिस कारण वह सुर्खियों में आ गए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की पहली गेंद पर ही छक्का जड़ा जिसने सभी को हैरान कर दिया। इस बीच गूगल कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी वैभव की तारीफ की। सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि वो केवल वैभव सूर्यवंशी का डेब्यू देखने के लिए जागे थे। उन्होंने चौंकते हुए कहा कि, एक आठवीं कक्षा के बच्चे को आईपीएल में खेलते देख उठा। क्या शानदार डेब्यू हुआ। वैभव सूर्यवंशी ने लखनऊ के खिलाफ मैच में 34 रनों की पारी के दौरान 2 चौके और 3 छक्के लगाए। जब एडन मार्करम की गेंद पर ऋषभ पंत ने वैभव को स्टंप आउट किया तो ये युवा भारतीय बल्लेबाज रोने लगा था।

# रोमांचक मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को 2 रन से हराया, आखिरी ओवर में आवेश खान की बेहतरीन गेंदबाजी



एजेंसी, जयपुर। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2025 का 36वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला गया। जिसे ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ ने 2 रन से जीत लिया। इस दौरान आवेश खान ने एलएसजी के लिए आखिरी ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 9 रन डिफेंड किए। वहीं सैंळ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को दमदार शुरुआत मिली है। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के बीच 85 रन की साझेदारी हुई। वैभव को मार्करम ने स्टंप आउट किया। सूर्यवंशी 20 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश राणा 8 रन ही बना सके। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 52 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से 74 रन की पारी खेली। शिमरन हेटमायर आखिरी ओवर में आउट हुए। उन्होंने सात गेंद में 12 रन बनाए। शुभम दुबे ने तीन और जुरेल ने 6 रन बनाए। लखनऊ के लिए आवेश खान ने तीन विकेट झटके। वहीं पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने मिचेल मार्श (4) और निकोलस पूरन (11) के विकेट पावरप्ले में ही गंवा दिए। कप्तान ऋषभ पंत 9 गेंद में तीन रन बनाकर आउट हुए। एडन मार्करम 45 गेंद में 66 रन बनाकर आउट हुए। आयुष बदोनी 34 गेंद में 50 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आयुष बदोनी ने 34 गेंद में 50 रन की पारी खेली। अब्दुल समद ने आखिरी ओवर में चार छक्के लगाए। समद 10 गेंद में 30 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## नहीं पता कि हमने क्या गलत किया- पराग



एजेंसी, नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए अधिकांश समय अच्छी स्थिति में होने के बावजूद दो रन की हार के बाद कहा कि उन्हें नहीं पता कि टीम ने क्या गलत किया। सुपर जाइंट्स के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 52 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से 74 रन की पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम एक समय दो विकेट पर 156 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी लेकिन आवेश खान (37 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पांच विकेट पर 178 रन ही बना सकी। आवेश ने 18वें ओवर में जायसवाल और पराग दोनों को आउट करके मैच का रुख सुपर जाइंट्स के पक्ष में मोड़ा। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इससे पहले एडेन मारक्रम की 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 66 रन की पारी और आयुष बडोनी (50 रन, 34 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ चौथे विकेट की उनकी 76 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 180 रन बनाए। अब्दुल समद (नाबाद 30, 10 गेंद) ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप शर्मा (51 रन पर एक विकेट) पर चार छक्कों से 27 रन जोड़े। पराग ने मैच के बाद कहा, ''भावनाओं को व्यक्त करना वाकई मुश्किल है। पता नहीं हमने क्या गलत किया। हम 18वें या 19वें ओवर तक मैच में बने हुए थे। मुझे नहीं पता। मैं खुद को दोषी मानता हूं। हमें 19वें ओवर में ही मैच खत्म कर देना चाहिए था। हमें एकजुट होकर खेलना होगा।'' पराग ने कहा कि सुपर जाइंट्स की पारी का आखिरी ओवर दुर्भाग्यपूर्ण था जिसमें 27 रन बने। पराग ने कहा, ''आखिरी ओवर दुर्भाग्यपूर्ण था। मुझे लगा कि हम उन्हें 165-170 पर रोक सकते थे। हमने 20 रन अधिक दे दिए लेकिन हमें लक्ष्य को हासिल करना चाहिए था।

# केएल राहुल ने आईपीएल में पूरा किया छक्कों का दोहरा शतक, खास क्लब में हुए शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के 35वें लीग मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने तेज शुरुआत की, लेकिन वो बड़ी पारी खेलने से चूक गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए राहुल ने मैदान पर आते ही चार्ज करना शुरू कर दिया, लेकिन एक यॉर्कर पर वो चूक गए और प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें एलबीडब्ल्यू करते हुए पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। केएल राहुल ने इस मैच में यानी गुजरात के खिलाफ 14 गेंदों पर 28 रन की पारी 200.00 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। इस दौरान उन्होंने एक बेहतरीन छक्का और 4 चौके भी जड़े। राहुल ने इस एक छक्के के दम पर आईपीएल में छक्कों का दोहरा शतक यानी 200 छक्के भी पूरे किए। राहुल इस लीग में 200 छक्के लगाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने जबकि ओवरऑल वो ऐसा करने वाले 11वें प्लेयर बने। केएल राहुल आईपीएल में 200 छक्के लगाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने। इससे



पहले रोहित, कोहली, धोनी, संजू और रैना ये कमाल क चुके हैं। रोहित इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। रोहित ने अब तक 258 पारियों में 286 छक्के लगाए हैं जबकि केएल राहुल ने 129 पारियों में 200 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 251 पारियों में 282 छक्के जड़े हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय

286- रोहित शर्मा (258 इनिंग्स)

282- विराट कोहली (251 इनिंग्स)

260- एमएस धोनी (236 इनिंग्स)

216- संजू सैमसन (170 इनिंग्स)

203- सुरेश रैना (200 इनिंग्स)

200- केएल राहुल (129 इनिंग्स)

वहीं केएल राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए।

# वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम का टूटा सपना, वर्ल्ड कप 2025 में खेलने का नही मिलेगा मौका, खिलाड़ियों का रो-रो कर बुरा हाल



एजेंसी, नई दिल्ली। वेस्टइंडीज की टीम के फैंस के लिए बुरी खबर है, दरअसल वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप 2025 में क्वालीफाई करने से चूक गई है। वेस्टइंडीज की टीम थाईलैंड के खिलाफ हुई मैच में रिकॉर्ड रन चेज करके भी मार्की इवेंट में खेल नहीं पाएगी। दरअसल, 9 अप्रैल से पाकिस्तान में आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबले खेले जा रहे थे। आज आखिरी वेस्टइंडीज और थाईलैंड के बीच खेला गया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हुए इस मैच में थाईलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 44.1 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 166 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए किसी भी हाल में इस टारगेट को 11 ओवरों तक चेज करना था। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 10.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 162 रन बना लिए थे। अब उन्हें पांचवीं गेंद पर चौका और छठी गेंद पर छक्का लगाने की जरूरत थी। पांचवीं गेंद पर चौका लगने से स्कोर लेवल हो जाता और फिर अगली गेंद पर छक्का लगते ही वेस्टइंडीज जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर जाती। लेकिन यहां स्टेफनी टेलर से एक ऐसी गलती हो गई, जिसे शायद वो जिंदगी भर याद रखेंगी। टेलर ने पांचवीं गेंद पर चौका लगाने की बजाय छक्का लगा दिया और वेस्टइंडीज मैच जीत गई। इसी तरह वेस्टइंडीज मैच जीतकर भी टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूक गई। बेहतर रन रेट के चलते बांग्लादेशी टीम पाकिस्तान के बाद वर्ल्ड कप 2025 के अपनी जगह पक्कीकरने वाली दूसरी टीम बन गई। बांग्लादेश ने 5 मैचों में 3 जीत दर्ज की और उसका नेट रेट 0.639 है। वहीं वेस्टइंडीज ने भी पांच में से तीन मुकाबलों में जीत हासिल की और उसका नेट रेट 0.626 है।

# कौन आयुष म्हात्रे? 18 साल से भी कम की उम्र में किया आईपीएल में डेब्यू



एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल 2025 में आए दिन कुछ ना कुछ नया देखने को मिलता है। बीते शनिवार को आईपीएल इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपना आईपीएल डेब्यू किया। और अब रविवार, मुंबई के खिलाफ सीएसके की तरफ से 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे को आईपीएल डेब्यू का मौका मिला। इस डेब्यू मैच में आयुष ने अपनी बेहतरीन पारी से सबको प्रभावित किया। राहुल त्रिपाठी की जगह आयुष म्हात्रे को मौका मिला। राहुल इस सीजन में किसी भी मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रहे। ये 17 साल के आयुष का पहला आईपीएल मुकाबला है। इस दौरान उन्होंने 15 गेंदों में 32 रन की बेहतरीन पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी जड़े। लेकिन वह दीपक चाहर की गेंद पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच आउट हो गए। आयुष को चेन्नई सुपर किंग्स ऋतुराज गायकवाड़ की जगह टी में मौका मिला था। गायकवाड़ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। 17 साल के आयुष मुंबई के रहने वाले हैं। जब वह सिर्फ 6 साल के थे तब उनके दादा लक्ष्मीकांत नाइक ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। इसके बाद उन्हें पूर्व दिग्गज दिलीप वेंगसरकर की एकेडमी में भेज दिया। इस खिलाड़ी ने पिछले साल मुंबई क्रिकेट टीम के अपना डेब्यू किया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com